
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 63 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 16 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास, एकलौते टेस्ट में इंग्लैंड को 347 से हराया

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ इकलौते टेस्ट मैच में 347 रन से जीत हासिल की। इस मैच को जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया। उसने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट में इंग्लैंड को हराया। भारतीय महिला टीम की इंग्लैंड के खिलाफयह कुल तीसरी जीत है। इससे पहले उसने 2006 में टॉन्टन और 2014 में वॉर्मस्ले में जीत हासिल की थी। महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की। इससे पहले श्रीलंका की महिला टीम ने पाकिस्तान को 1998 में 309 रन से हराया था। वहीं, न्यूजीलैंड ने 1972 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ188 रन से जीत हासिल की थी।

पहली पारी में 428 रन बनाने के बाद टीम इंडिया इंग्लैंड को पहली पारी में 136 रन पर समेट दिया। ऐसे में भारत को पहली पारी में 292 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया ने दूसरी पारी को छह विकेट पर 186 रन पर घोषित कर दिया। इस तरह इंग्लैंड को जीत के लिए 479 रन का लक्ष्य मिला। उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 131 रन पर सिमट गई। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने चार और पूजा वस्त्राकर ने तीन विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड़ को दो सफलता मिली। रेणुका सिंह ठाकुर ने एक विकेट अपने नाम किया।

# करारी हार के बाद कांग्रेस में हाहाकार!

## बागी पूर्व विधायकों ने दिखाए तेवर, दिल्ली पहुंच मांगा वरिष्ठ नेताओं से वक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** दो पूर्व विधायकों को निकाले जाने के बाद कांग्रेस में हाहाकार मच गया है। कांग्रेस के इतिहास में पहली बार 22 विधायकों के टिकट काटे गए, लेकिन पार्टी को यह प्रयोग भारी पड़ा और उसके ज्यादातर नए प्रत्याशी चुनाव हार गए। जिन विधायकों की टिकट कटी, उन्होंने मोर्चा खोला तो दो पूर्व विधायकों को अनुशासन के नाम पर पार्टी से ही बाहर कर दिया गया। अब इन पूर्व विधायकों ने दिल्ली दरबार का रूख किया है।

दरअसल, बगावत करने वाले पूर्व विधायकों के निशाने पर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, पूर्व सीएम भूपेश बघेल से लेकर सहप्रभारी चंदन यादव, टीएस सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज तक कई नेता हैं। इन नेताओं के खिलाफ बगावत को थामने के लिए कांग्रेस ने दो पूर्व विधायकों पर कार्रवाई भी की, लेकिन इसका भी कोई असर नहीं हुआ। निष्कासन के विरोध में कई विधायक लामबंद हो गए। विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह के साथ दर्जनभर विधायकों ने दिल्ली में झंडा बुलंद कर दिया है। दिल्ली जाने से पहले भी विधायकों का गुस्सा फूटा। विनय जायसवाल ने टीएस सिंहदेव पर कार्रवाई की मांग तो की ही, दो टूक लहजे में कहा कि उनके ढाई साल को लेकर दिए बयानों ने कई विधायकों के करियर ही नहीं, पार्टी की सरकार को भी निगल दिया।

दूसरी ओर पार्टी के जिम्मेदार नेता बागी विधायकों की हर गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पार्टी फोरम में बात रखना ठीक है। सार्वजनिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इधर, कांग्रेस के भीतर मचे हाहाकार पर भाजपा मजे लेने से नहीं चूक रही है। हार के बाद रार की पटकथा ने कांग्रेसी हलकों में हड़कंप मचा दिया है। बागियों के गुस्से ने दिग्गज नेताओं को तो असहज कर ही दिया है, पार्टी को भी हार के कारणों पर नए सिरे से सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। ऐसे में पूर्व विधायकों की शिकायत पर कांग्रेस हाईकमान का क्या रुख होगा, इस पर हर किसी की निगाहें टिक गई हैं।

छत्तीसगढ़ में सरकार जाने के बाद कांग्रेस के अंदर गुटबाजी शुरू हो गई है। गुटबाजी ऐसी कि कांग्रेस नेताओं के द्वारा आपस में ही एक दूसरे पर हार की ठीकरा फोड़ने लगे हैं। कांग्रेस नेता पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह और विनय जयसवाल को पार्टी में अनुशासनहीनता के कारण 6 साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया है। बाहर निकाले जाने के बाद बृहस्पति सिंह ने एक बार फिर कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी से निष्कासित होने के बाद पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह के साथ अन्य पूर्व विधायक दिल्ली पहुंचे हैं। यहां सभी पूर्व एमएलए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के अन्य बड़े नेताओं के साथ मुलाकात कर मामले की शिकायत करेंगे।



### नई सरकार तैयारियों में जुटी, 19 से शीतकालीन सत्र

इधर, कांग्रेस के भीतर मचे कोहराम के बीच छत्तीसगढ़ नई भाजपा सरकार अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। मंत्रियों के शपथ ग्रहण के अलावा विष्णुदेव साय की सरकार 19 दिसम्बर से विधानसभा का संक्षिप्त सत्र आयोजित करने जा रही है। साय सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार विधानसभा शीतकालीन सत्र से पहले हो सकता है। 17 दिसंबर को सीएम साय दिल्ली में हाईकमान से मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री समेत 13 मंत्री ही हो सकते हैं। अब तक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री नियुक्त हो चुके हैं। बाकी 10 को मंत्री बनाना है मगर दावेदार 15 से अधिक है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है, उनका अपना निर्णय है और मैं सोचता हूं कि जल्द ही वह मंत्रिमंडल का ऐलान करने वाले हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, बहुत जल्द ही हम सत्र बुलाने वाले हैं। मंत्रिमंडल के विस्तार की समय आने पर सूचना दी जाएगी। मंत्री पद के दावेदारों में रामविचार नेताम, रेणुका सिंह, गोमती साय, अमर अग्रवाल, धरमजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ओपी चौधरी, दयालदास बघेल, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, गुरु खुशवंत साहेब, केदार कश्यप, लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी प्रमुख हैं।

छत्तीसगढ़ में नवगठित भाजपा सरकार में पहला विधानसभा सत्र 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित होगा। तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र में विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। इसके लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता रामविचार नेताम को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। नेताम नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा में शपथ दिलाएंगे। विधानसभा में भाजपा-कांग्रेस के 90 विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी।

### जिन्होंने धोखा दिया, उन पर हो कार्रवाई

दिल्ली रवाना होने से पहले रायपुर में बृहस्पति सिंह ने कहा जिन लोगों ने कांग्रेस को लगातार धोखा दिया। जिन लोगों ने कांग्रेस के खिलाफ बयान दिया। कांग्रेस की सरकार को चुनौती दी। कांग्रेस हाई कमान को चुनौती दी। जिससे कांग्रेस को नुकसान हुआ और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बनती हुई सरकार की हार हुई। उसके बारे में कहने पर अगर पार्टी निष्कासित करती है तो ये अच्छी बात नहीं है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के 22 एक्स एमएलए दिल्ली जा रहे हैं। जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलेंगे।

### सैलजा और टीएस पर साधा निशाना

बृहस्पति सिंह ने छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा पर एक बार फिर आगबबूला होते नजर आए। बृहस्पति सिंह ने पूर्व डिप्टी सीएम ने कांग्रेस के खिलाफलगातार बयान दिया। जिसका नुकसान कांग्रेस को उठाना पड़ा. प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा छत्तीसगढ़ की जनता को नहीं देने का आरोप लगाया। 36 में से 12 वादें पूरा करना की बात करना। इसके साथ ही कांग्रेस की सभा में प्रधानमंत्री की तारीफकरना, कांग्रेस से ज्यादा अच्छा काम करने की बात कहना। 22 सिटिंग एमएलए और विनर कैंडिडेट का टिकट काटना। ये सब बाते हैं जिसका नुकसान कांग्रेस को उठाना पड़ा है।




## संपादकीय

### मथुरा की सुनवाई

मथुरा धर्मस्थल विवाद में तेजी आ गई है। धर्मस्थल विशेष के सर्वे को उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंजूरी दी थी, जिसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वे पर रोक लगाने से मना कर दिया है। अब लोगों की निगाह उच्च न्यायालय के आगामी फैसले पर है, जो अगले सप्ताह आएगा, जिसमें सर्वे के बारे में स्पष्ट दिशा-निर्देश संभावित हैं। जहां तक सर्वोच्च न्यायालय का प्रश्न है, तो जनवरी के मध्य में ही वहां इस मामले की सुनवाई होगी। सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला पहले से ही लंबित है और उच्च न्यायालय में भी सर्वे को लेकर सुनवाई चल रही है। याचिकाकर्ताओं की कोशिश है कि इस मामले की सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय ही करे और उच्च न्यायालय को किसी आदेश-निर्देश से रोका जाए। बहरहाल, ईदगाह पक्ष को निराशा हाथ लगी है, क्योंकि अब यह लगभग तय हो गया है कि मथुरा धर्मस्थल का सर्वे होगा। ध्यान रहे, काशी का ज्ञानवापी सर्वे मामला भी लगातार सुर्खियों में बना हुआ है और अब मथुरा ईदगाह मामला भी सुर्खियों में पहुंच गया है।

> “ जिन अदालतों में ऐसे मामले हैं, उन्हें विशेष सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। राजनीति से प्रभावित होने के बजाय साक्ष्यों पर विश्वास करना ज्यादा सही है। धर्मस्थलों से जुड़े भावनात्मक ज्वार यह देश अनेक बार देख चुका है और कई ऐसे अप्रिय मंजर भी सामने आए हैं, जिनकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं होता है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि ये मामले बेहद संवेदनशील हैं और इनमें अदालतों को अपना काम करने देना चाहिए। कानून के तहत अदालतों को जो उचित प्रतीत होगा, उसे सभी को स्वीकार करना चाहिए। वास्तव में, विवाद पुराना है और इसका सबसे दुखद पक्ष इस पर होने वाली राजनीति ही है। अदालतों में जो सुनवाई होती रही है, वह कागजों या साक्ष्यों के आधार पर अगर चलती रहे, तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। अंततः यह देश किसी समुदाय के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि संविधान की रोशनी में ही आगे बढ़ना चाहिए। जिन अदालतों में ऐसे मामले हैं, उन्हें विशेष सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। राजनीति से प्रभावित होने के बजाय साक्ष्यों पर विश्वास करना ज्यादा सही है। धर्मस्थलों से जुड़े भावनात्मक ज्वार यह देश अनेक बार देख चुका है और कई ऐसे अप्रिय मंजर भी सामने आए हैं, जिनकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं होता है। अतः जब ऐसा कोई मामला जोर पकड़ता है, तो चिंता स्वाभाविक ही जाग जाती है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद जितनी जल्दी सुलझ जाए, उतना अच्छा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को मस्जिद परिसर के निरीक्षण के लिए एक आयोग की नियुक्ति की मांग करने वाले आवेदन को अनुमति दी है, तो आगे भी उच्च न्यायालय को ही यह भी सुनिश्चित करके चलना चाहिए कि आगे किसी तरह से अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने पाए। अदालतों में जो होगा, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि क्या अदालतें इस मुद्दे पर किसी तरह की सियासत पर रोक लगा सकती हैं? क्या हमारे सियासी दल इस मुद्दे पर जरूरी संयम बरत सकते हैं? यह विवाद तो लगभग तीन सदी पुराना है और मथुरा की अदालतों में कम से कम एक दर्जन मामले दायर थे। इन सभी याचिकाओं में एक समान 13.77 एकड़ के परिसर से ईदगाह को हटाने की प्रार्थना है। खास बात यह है कि इस साल मई में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी याचिकाओं को उचित ही अपने यहां सुनवाई के लिए रख लिया। किसी एक जगह दोनों पक्ष अपने-अपने दस्तावेज और दलीलें पेश करें, तो सुनवाई में आसानी होगी। आस्था अपनी जगह है, लेकिन तर्क-तथ्य का दामन छूटना नहीं चाहिए। फैसला जो हो, तार्किक रूप से स्पष्ट होना चाहिए और दोनों पक्षों को लगना चाहिए कि न्याय हुआ।

## सुरक्षा क्यों भंग हुई?

संसद की सुरक्षा-व्यवस्था संसद पर 22 साल पहले हुए भीषण हमले की बरसी के दिन भंग हुई। यह बात आसानी से गले नहीं उतरती कि सुरक्षा में ऐसी लापरवाही कैसे हो सकती है। खासकर यह देखते हुए कि खालिस्तानी उग्रवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी दे रखी थी कि 13 दिसंबर या उससे पहले फिर संसद को निशाना बनाया जाएगा। अब तक जितनी जानकारियां सामने हैं, उनसे ऐसा कोई संकेत नहीं मिलता कि जिन लोगों ने संसद में घुसपैठ की, उनका पन्नू या किसी अन्य राजनीतिक संगठन से संबंध है। पुलिस के हवाले से मीडिया में आई सूचनाओं के मुताबिक संसद की सुरक्षा-व्यवस्था भंग करने में शामिल सभी छह लोग देश के अलग-अलग हिस्सों के हैं। उनमें समान पहलू सिर्फ यह है कि वे पढ़े-लिखे हैं जिन्हें अपनी योग्यता के अनुरूप काम नहीं मिला, वे बेरोजगारी से परेशान रहे, और सभी शहीद भगत सिंह के प्रशंसक हैं। वे सभी सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए और देश के मौजूदा हालात से अपने असंतोष को जताने के लिए उन्होंने संसद की सुरक्षा को भंग करने की योजना बनाई। वे इसमें सफल भी हो गए।

यह देश की कानून-व्यवस्था मशीनरी पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है कि इतनी आसानी से सबसे बड़े स्थलों और सबसे बड़े मौकों पर सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लग जाती है। अभी एक महीना नहीं गुजरा, जब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच के दौरान एक ऑस्ट्रेलियाई नौजवान फिलस्तीन की आजादी के समर्थन में संदेश देने के लिए तमाम सुरक्षा-व्यवस्था को धता बताते हुए मैदान में घुस गया। ऐसा उस रोज हुआ, जिस दिन खुद प्रधानमंत्री मोदी वहां पहुंचने वाले थे। बहरहाल, संसद पर हुई घटना के साथ एक दूसरा पहलू भी जुड़ा है। इसका संबंध सामाजिक और आर्थिक सुरक्षाओं से है। ये घटना विकसित भारत के तमाम शोर के बीच जमीनी स्तर पर रोजमर्रा की बढ़ती मुश्किलों की ओर ध्यान खींचती है। ये मुश्किलें अब कई लोगों- खासकर नौजवानों में असंतोष पैदा कर रही हैं। यह साफ है कि इस हकीकत का सही नजरिए से सामना किए बगैर बाकी सुरक्षाओं को सुनिश्चित करना कठिन हो जाएगा।

## निष्पक्ष चुनाव का सवाल

विपक्ष के तमाम एतराज और विरोध को दरकिनार करते हुए केंद्र ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया बदलने संबंधी विधेयक को राज्यसभा से पारित करा लिया। यह इस बात का साफ संकेत है कि अपने बहुमत के दम पर वर्तमान सरकार ऐसे कदम भी बेहिचक उठा रही है, जिससे देश के लोकतंत्र की बुनियाद पर प्रहार होगा। इससे पहले कि इस प्रस्तावित कानून के असर पर बात करें, इस तथ्य को भी जरूर रेखांकित किया जाना चाहिए कि इस वर्ष यह दूसरा बिल है, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलटने के लिए लाया गया है। इसके पहले दिल्ली सेवा विधेयक के जरिए दिल्ली सरकार के अधिकार संबंधी अदालत के फैसले को पलटा जा चुका है। अब इस बिल के जरिए इस वर्ष मार्च में आए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के उस निर्णय पलटा जा रहा है, जिसमें कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्तों के नियुक्ति करने वाली समिति की संरचना तय की थी। कोर्ट ने कहा था कि इस समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता, और प्रधान न्यायाधीश होंगे। स्पष्टतः मकसद इन नियुक्तियों में यथासंभव निष्पक्षता को सुनिश्चित करना था। मगर सरकार को यह बात पसंद नहीं आई। तो अब लाए गए बिल में नियुक्ति समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश को निकाल देने और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करने का प्रावधान किया जा रहा है। यानी समिति में सरकार अपना बहुमत सुनिश्चित कर रही है, ताकि वह जिसे चाहे उसे निर्वाचन आयुक्त बना सके। यह समझना मुश्किल है कि इस समय जबकि सत्ता के लगभग पूरे तंत्र पर सरकार का नियंत्रण है, निष्पक्षता और सभी पक्षों का भरोसा सुनिश्चित करने वाली एक साधारण-सी व्यवस्था भी वह क्यों बर्दाश्त नहीं कर पा रही है?

> “ महाराष्ट्र के वित्त मंत्री देवेन्द्र फड़नवीस पहले ही पीएम किसान स्कीम में आवंटन दोगुना करने की घोषणा कर चुके हैं। केंद्र द्वारा किसानों को हर वर्ष दिए जाने वाले 6,000 रुपये के अलावा, महाराष्ट्र भी उतनी ही राशि देगा, जिससे आवंटन बढ़कर 12,000 रुपये सालाना हो जाएगा। कुल 1.7 करोड़ से अधिक किसानों को 1 रुपये में फसल बीमा का लाभ दिया गया है।

# केंद्रीय बजट से ही सुधरेगी किसान की दशा

देविंदर शर्मा



कुछ दिन पहले की बात है, महाराष्ट्र के हिंगोली ज़िले के दस कर्जदार किसानों ने वहां के मुख्यमंत्री से एक अनोखी व अद्भुत गुजारिश की। जिसके तहत उन्होंने पैसा वसूली के लिए अपने शारीरिक अंगों की नीलामी करने की इच्छा जताई। जिससे वे राष्ट्रीयकृत बैंकों को भुगतान कर सकें।

उन्होंने अपने अंग बेचने का प्रस्ताव रखा, और असल में उन्होंने बाकायदा 'रेट कार्ड' भी तैयार कर रखा था- लीवर के लिए 90,000 रुपये, किडनी के लिए 75,000 रुपये और एक आंख के 25,000 रुपये। इस अजीबोगरीब प्रस्ताव से महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा अवश्य हुआ, लेकिन कुछेक दिनों बाद ही सब भुला दिया। त्रासदी यह है कि जो बात कृषि संकट को प्रकट करे उसे इतनी आसानी से अनदेखा कर दिया जाता है। यह भी ऐसे में जब बकाया कर्ज न चुका पा सकने वाले कार्पोरेट, यहां तक कि वे ऐसा करने की स्थिति में होते हैं, तो भी न केवल राजनीतिक नेतृत्व बल्कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) भी उनको सुरक्षा घेरा प्रदान कर देता है।

कुछ माह पूर्व की घटना है, 16,044 जानबूझकर डिफाल्टरों के साथ समझौता करने को लेकर आरबीआई ने रक्षा कवच की भूमिका निभाते हुए बैंकों को निर्देश दिया था जिन्हें बैंकों के 3.45 लाख करोड़ रुपये का बकाया वापस करने में असफल रहने के लिए किसी भी स्थिति में जेल भेजा जाना चाहिये था। बता दें कि जानबूझकर डिफाल्टर उन्हें कहा जाता है जो अदायगी में सक्षम होते हुए भी ऐसा करने से इंकार कर देते हैं। हकीकत तो यह है कि वे बैंकिंग प्रणाली के तहत जवाबदेही से जुड़े नियम-कानूनों को ठेंगा दिखाते हैं।

इसके बावजूद, उनके प्रति आरबीआई नरमी बरत रहा है। बारह माह के कूलिंग पीरियड के बाद बैंकों को नए कर्ज देने की भी अनुमति दी गई है। विडंबना, इन जानबूझकर डिफाल्टरों को असल में जान-बूझकर भुगतान करने में असमर्थता के कारण माफ कर दिया गया है, और फिर भी उन्हें नए कर्ज दिए जा रहे हैं, जिससे वे फिर से चूक कर सकते हैं और वापस अदायगी करने से ना-नुकुर कर सकते हैं। अब एक मिसाल कायम होने के बाद, वे कुछ सालों के बाद फिर एक और कर्ज की रकम माफी की उम्मीद करेंगे। यदि केवल आरबीआई ने कर्ज न चुका सकने वाले किसानों पर भी बैंकों को नरमी बरतने को कहा होता तो मुझे पक्का यकीन है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) साल 2022 के लिए जो रिपोर्ट दी थी उसमें से अधिकतर किसानों और कृषि श्रमिकों द्वारा किये गये सुसाइड को आसानी से टाला जा सकता था।

साल 2021 में रिपोर्ट किये गये कृषि क्षेत्र में आत्महत्याओं के 10881 मामलों के मुकाबले, एनसीआरबी द्वारा साल 2022 में इस क्षेत्र में सुसाइड के 3.7 प्रतिशत मामले ज्यादा दर्ज किये गये जब कुल 11290 किसानों व कृषि श्रमिकों ने घातक रास्ता अख्तियार किया। साल 2022 में जिन कुल 5207 किसानों ने अपनी जान दी, उनमें 208 महिलाएं थीं। इसी तरह सुसाइड करने वाले 6083 खेत मजदूरों में 611 महिला श्रमिक थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें अधिकतर आत्महत्याएं महाराष्ट्र, कर्नाटक व मध्य प्रदेश में हुईं। अकेले महाराष्ट्र में कुल किसान-श्रमिक आत्महत्याओं में से 38 प्रतिशत यानी 4,248 आत्महत्याएं दर्ज की गईं। यदि पहले वर्णित की गयी घटना यानी हिंगोली जिले में कुछ किसानों द्वारा प्रस्तावित शरीर के अंगों की नीलामी की रिपोर्ट के हिसाब से देखा जाए, तो महाराष्ट्र में जारी संकट तत्काल नीतिगत कदम उठाने की जरूरत बताता है। ऐसा ही देश के बाकी हिस्सों के साथ भी है, जहां कृषि संकट गहराता जा रहा है।

महाराष्ट्र के वित्त मंत्री देवेन्द्र फड़नवीस पहले ही पीएम किसान स्कीम में आवंटन दोगुना करने की घोषणा कर चुके हैं। केंद्र द्वारा किसानों को हर वर्ष दिए जाने वाले 6,000 रुपये के अलावा, महाराष्ट्र भी उतनी ही राशि देगा, जिससे आवंटन बढ़कर 12,000 रुपये सालाना हो जाएगा। कुल 1.7 करोड़ से अधिक किसानों को 1 रुपये में फसल बीमा का लाभ दिया गया है, लेकिन यह कौन सुनिश्चित करेगा कि किसानों की फसल के नुकसान के लिए बीमा कंपनी उन्हें उचित मुआवजा देगी? हमने किसानों को फसल के खराबे की क्षतिपूर्ति के रूप में 15 रुपये, 100 रुपये, 200 रुपये आदि भुगतान की रिपोर्ट देखी है। फसल बीमा को किसानों के लिए एक बड़े लाभ के रूप में पेश किया जाता है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि 2016 में योजना शुरू होने के बाद से निजी बीमा कंपनियां 57,619 करोड़ रुपये का मुनाफा बटोर चुकी हैं। वास्तव में, पीएम फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) एक ऐसी बड़ी योजना लगती है जो बीमा कंपनियों के लिए बड़ा मुनाफा यकीनी बनाती है। फिर भी, इधर-उधर की बातों से काम नहीं चलने वाला। महाराष्ट्र को समुचित नीतियों और संबंधित प्रोत्साहनों के एक वैकल्पिक पैकेज की आवश्यकता है जो पुनर्जीवित कृषि का बीज बो सके। आखिरकार, यदि गन्ने का मात्र 4 प्रतिशत क्षेत्र 70 प्रतिशत भूजल खींच सकता है, तो जब तक जल संतुलन ठीक नहीं हो जाता, तब तक खेती के पुनर्निर्माण में सहायता कैसे मिलेगी? लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पानी की ज्यादा खपत वाले गन्ने के क्षेत्र को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की बात करने की राजनीतिक हिम्मत किसमें होगी? यह सिर्फ एक असंतुलन है जो किसी भी खेत की आर्थिक व्यवहार्यता से संबंधित है।

देशभर में ग्रामीण मजदूरी में गिरावट आई है, और यहां तक कि सकल कृषि मूल्यवर्धन (जीवीए) भी वित्त वर्ष 2012 के बाद से सबसे कम रहा है, जिससे ग्रामीण उपभोग में कमी आई है। हम जो आर्थिक तेजी देख रहे हैं वह शीर्ष के 10 फीसदी लोगों के हाथों में केंद्रित है। इसे ज़्यादातर ऑटोमोबाइल बिक्री के नजरिये से देखा जाता है। महानगरों में जहां चौपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ रही है, वह भी लग्जरी सेग्मेंट में सबसे ज्यादा वृद्धि पर है, वहीं दोपहिया वाहनों की बिक्री अभी भी रफ्तार नहीं पकड़ रही है। आम तौर पर यह उम्मीद की जाती है कि ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि के बाद ही ग्रामीण आबादी साइकिल से स्कूटर-मोटरसाइकिल की ओर स्थानांतरित होती है।

जैसा कि एनसीआरबी का मानना है, बढ़ती सुसाइड दर के मूल में कृषि संकट प्राथमिक कारण है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र की मांग सुस्त बनी हुई है। शायद बिगड़ते कृषि परिदृश्य का बेहतर प्रतिबिंब सबसे अमीर व्यापारिक ब्लॉक, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की नवीनतम रिपोर्ट से मिलता है। ओईसीडी के 38 सदस्यों सहित 54 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में कृषि क्षेत्र के विश्लेषण में, अध्ययन से पता चलता है कि भारत में किसानों पर वर्ष 2000 से लगातार कर लगाया जा रहा है। हालांकि कुछ देश ऐसे हैं जहां कृषि नकारात्मक क्षेत्र में है लेकिन इन सभी देशों ने कृषि घाटे को बजटीय मदद से पूरा कर लिया है।


लेकिन भारत में बजट प्रदत्त मदद कृषि आय में लगातार जारी गिरावट को पूरा करने में असफल रही है। सरल तरीके से कहें तो इसका मतलब है कि जबकि वार्षिक बजट के जरिये जहां अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को भरपूर मदद प्रदान की गयी, केवल कृषि ही ऐसा क्षेत्र था जिसे भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। इसके साथ ही, अध्ययन स्पष्ट तौर पर यह स्थापित करता है कि सालों तक विभिन्न योजनाओं को लागू करने के बावजूद कृषि के लिए बजटीय मदद खेती करने वाले समुदाय को लाभदायक आय प्रदान करना यकीनी बनाने में असफल रही है। आर्थिक संजाल इतनी चतुराई से रचा गया कि किसान को अन्नदाता कहकर प्रचारित किया गया लेकिन उन्हें सहायता के रूप में जो मिलता है वह नाममात्र का होता है। यही प्रमुख कारण है कि कृषि का सभी समस्याओं से दो-चार होने का संघर्ष जारी है और हर बीतते साल के साथ केवल संकट का स्तर बढ़ता ही जाता है।

जैसे कि मैं बार-बार दोहराता हूं: किसानों को जुताई करते वक्त इस सच्चाई का कम ही अहसास होता है कि वे असल में घाटे के लिए खेती कर रहे हैं।

**(लेखक कृषि एवं खाद्य विशेषज्ञ हैं।)**

# शिमला समझौते से पूरी नहीं हुई हमारी आशाएं

अटल बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ राजनेता व सांसद



विश्व के मानचित्र से एक बार फिर यह बात स्पष्ट हो गई है कि अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में आज भी न कोई स्थायी मित्र होता है और न कोई स्थायी शत्रु होता है। प्रत्येक राष्ट्र अपने स्वार्थ का विचार करता है। यह बात अलग है कि स्वार्थ को शांति, लोकतंत्र, स्वतंत्रता या कम्युनिज्म के आवरण में लपेटकर रखा जाता है। ...यह दुर्भाग्य की बात है, मगर है यह सच कि आज भी दुनिया के फैसले शक्ति के आधार पर होते हैं। हम इस स्थिति को बदलना चाहते हैं, लेकिन हमें वास्तविकता की धरती पर पैर रखकर चलना पड़ेगा। कल्पना के लोक में विचरण करने से काम नहीं चलेगा।

...मुझे समझ में नहीं आता है कि उठते-बैठते हम चीन से संबंध सुधारना चाहते हैं, मगर हम चीन से संबंध सुधारना चाहते हैं, यह रट क्यों लगाई जाती है? ...दिन-रात रट लगाकर भारत को उपहास का विषय मत बनाइए। ...केवल सोवियत रूस पर निर्भर रहना एक अच्छी नीति नहीं है। इस सदन ने भारत-सोवियत संधि का स्वागत किया था। उस संधि ने बांग्लादेश की मुक्ति में हमारी मदद की। हम चाहते हैं कि हम सोवियत रूस को स्पष्ट कर दें कि हमें मित्र चाहिए, मालिक नहीं चाहिए।

...शिमला सम्मेलन से जो आशाएं की गई थीं, वे पूरी नहीं हुईं। मुझे इसके लिए खुशी नहीं है। मुझे इसके लिए अफसोस है। शायद हमने जल्दबाजी में शिमला समझौता कर लिया। भुट्टो (पाकिस्तानी प्रधानमंत्री) की टोकरी में सारे अंडे रखकर हमने बुद्धिमत्ता का परिचय नहीं दिया है। ...शिमला में आपने भुट्टो से यह क्यों नहीं कहा कि हमारी आपकी बात तब तक पूरी नहीं होगी, जब तक कि आप बांग्लादेश को मान्यता नहीं देंगे और बांग्लादेश के राष्ट्रपति को भी त्रिपक्षीय वार्ता में बातचीत करने के लिए नहीं बुलाएंगे। ...आप देश को यह बताकर गए थे कि सारे मामले एक साथ तय होंगे और आपने टुकड़ों में मामला हल कर लिया। ...कदम-दर-कदम सवाल हल करने की नीति में हम विफल हो चुके हैं। इस बार फिर विफल हो गए हैं।

शेख मुजीबुर्रहमान (बांग्लादेशी नेता) ने एक भेंट में कहा है, 25 साल से पाकिस्तान चार बातों को अपनी नीतियों का आधार बनाए हुए है।

पहली बात- भारत हमारा दुश्मन है। दूसरी बात- हिंदू काफिर हैं। तीसरी बात- इस्लाम खतरे में है। चौथी बात- पूरा जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान के कब्जे में आना चाहिए। क्या इन चार बुनियादी बातों में पाकिस्तान के रवैये में कोई परिवर्तन हुआ है? क्या शिमला समझौते के बाद भी पाकिस्तान वास्तविकताओं को स्वीकार करने के लिए तैयार हुआ है? ...अगर पाकिस्तान बातचीत से मामला हल करना नहीं चाहता, अगर विदेशी शक्तियों के हथियार के रूप में हमें कमजोर बनाए रखने का उपकरण बनता है, तो शांति की हम लोग कितनी ही कामना करें- शांति नहीं आ सकती। शिमला समझौते का भी वही हाल हुआ है, जो ताशकंद समझौते का हुआ था।

मेरा निवेदन है कि हम फिर से इस भूखंड की समस्याओं पर एक साथ, जिसमें बांग्लादेश भी सहभागी हो, बातचीत के लिए पाकिस्तान को प्रेरित करें और स्थायी शांति का आधार रखें। कोई पाकिस्तान से लड़ाई नहीं चाहता है, लेकिन लड़ाई में जो जमीन हमने जीती है, उसे हम छोड़ दें और उसी जमीन को लेने के लिए हमारे जवानों को बलिदान देना पड़े, यह कूटनीतिक बुद्धिमत्ता नहीं होगी। यह अकल का दिवालियापन होगा...।

रूस से लाभ उठा लेना अलग बात है, लेकिन उसके इतने आलिंगन में जाना ठीक नहीं है कि छूटना मुश्किल हो जाए। अब अमेरिका की तरफ झुकने की एक हवा चल रही है। मेरा कहना है कि सबके साथ दोस्ती करें, लेकिन राष्ट्र की शक्ति पर विश्वास रखें। आर्थिक दृष्टि से संकट में फंसा हुआ देश, सैनिक दृष्टि से दूसरों पर निर्भर देश, राजनीतिक दृष्टि से संकट से घिरा हुआ देश, ऐसा देश जैसी विदेश नीति चाहे, उसका अवलंबन नहीं कर सकता। उसे सीमाओं में बंधकर चलना होता है। हमारी विदेश नीति का लक्ष्य होना चाहिए राष्ट्र के हितों की रक्षा और राष्ट्र का हित इसी बात में है कि हम आर्थिक दृष्टि से सबल हों, सैनिक दृष्टि से स्वावलंबी हों। हम भारत को रूस, चीन और अमेरिका की पंक्ति में खड़े रहने लायक बनाएं। अगर विदेश नीति इसमें सहायक होती है, तो वह सफल है और अगर इसमें सहायक नहीं होती है, तो विफल है।

**(लोकसभा में दिए गए भाषण से)**

# सुलह की कोशिश दोनों देशों के लिए फायदेमंद

स्वर्ण सिंह, तत्कालीन विदेश मंत्री



हमारी सदा आलोचना करने वाले माननीय सदस्यों ने भी समस्याओं को समझने का प्रयत्न किया है। यहां तक कि अटल बिहारी वाजपेयी ने भी कहा है कि वह शिमला समझौते की मूल बातों के विरुद्ध नहीं हैं, उनकी मुख्य आशंका यह है कि क्या पाकिस्तान भी उसको उचित ढंग से क्रियान्वित कर रहा है? समर गुहा ने कहा कि भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान में त्रिपक्षीयता होनी चाहिए। भारतीय उप-महाद्वीप में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए तीनों देशों में सहयोग तो होना ही चाहिए, परंतु मैं बताना चाहता हूं कि त्रिपक्षीयता की बात हमेशा नहीं चल सकती है। उदाहरण के लिए, यदि वे कहें कि भारत के बांग्लादेश के साथ संबंधों में पाकिस्तान को भी अपनी बात कहने की अनुमति होनी चाहिए, तो हमारी क्या प्रतिक्रिया होगी? निश्चय ही ऐसे कई मामले हैं।...

रूस के साथ हमारी मित्रता, सहयोग तथा सद्भावना का एक आधार स्तंभ है, गत वर्ष उस देश के साथ शांति, हस्ताक्षर करके हमने उसे वैध बनाया है। ...हमें इस बात की वास्तव में प्रसन्नता है कि पाकिस्तान ने शिमला समझौते के हित में ही नहीं, अपितु दोनों देशों के भावी संबंधों के बीच हमारी स्थिति को भी स्वीकार किया है। ...वस्तुतः शांति के हित में और शिमला समझौते की क्रियान्विति के लिए लाहौर में कल जो समझौता हुआ है, वह दोनों देशों की ही विजय है और पराजय किसी देश की भी नहीं है। ...हमें प्रसन्न होना चाहिए कि पाकिस्तान भी संतुष्ट है। यह समझौता बहुत बातचीत करने के पश्चात हुआ है और इसके आधार पर कोई पक्ष यह नहीं कह सकता कि जो वह प्राप्त करना चाहता था, उसने प्राप्त कर लिया है।

शिमला समझौता इस आधार पर किया गया है कि जो भी मतभेद हैं, उन्हें पारस्परिक बैठकों में शांतिपूर्ण ढंग से हल किया जाएगा और आपसी सहमति व समझौते से सुलझाया जाएगा। ...मेरी सदस्यों से अपील है कि शिमला समझौते को किसी एक विशेष धारा के आधार पर नहीं आंकना चाहिए, अपितु इसे ऐसे दर्शन के आधार पर समझना चाहिए, जो हमारे मतानुसार, पाकिस्तान के साथ हमारे मतभेदों को दूर करने में एक अच्छा आधार बने। इसलिए दोनों पक्षों के वार्ताकारों को उत्तरदायी होना चाहिए और उन्हें अपनी कुछ शर्तें मनवाने का अधिकार होना चाहिए, तभी ठीक-ठीक वार्ता हो सकती है। अतः इस समस्या को अत्यंत उचित ढंग से निपटाना चाहिए और आलोचनात्मक छोटी-छोटी बातें नहीं उठानी चाहिए। ऐसे अनेक अवसर आएंगे, जब हम पाकिस्तान जैसे देश के साथ कठिन समस्याओं को भी आसानी से सुलझा लेंगे। इसलिए हमें लेन-देन का रवैया अपनाना होगा और यही बेहतर होगा...।

वाद-विवाद के दौरान इस समस्या को सुलझाने के लिए वाजपेयी जी ने केवल एक ही विकल्प प्रस्तुत किया है कि शिमला समझौते को रद्द कर देना चाहिए और तीनों देश में समझौता करने के लिए पुनः प्रयत्न करना चाहिए। इस संबंध में मैं तो केवल यही समझता हूं कि यह सुझाव अंतरराष्ट्रीय कार्य में अनुभवहीनता का द्योतक है। यदि कोई देश अपने पहले समझौते को रद्द कर नए सिरे से वार्ता करता है, तो उसे कभी भी लाभ नहीं होता है। अंतरराष्ट्रीय विधि तथा संबंधों का मौलिक सिद्धांत यह है कि यदि सरकारें बदलती हैं, तो वे अपना प्रथम वक्तव्य यही देती हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय समझौते स्वीकार करती हैं और उन्हें मानती हैं। इसलिए यह सुझाव सर्वथा अमान्य है और परिस्थितियों के परिवेश में खोखला, अव्यावहारिक और राष्ट्रीय हित के विरुद्ध। पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को सुधारने की दिशा में शिमला समझौते का पालन करना ही सबसे अच्छा तरीका है और दूसरे पक्ष को भी इसका पालन कराने के लिए बाध्य किया जाए ।

कुछ अन्य मामले भी उठाए गए हैं, जिनमें एक माननीय सदस्य ने कहा है कि अमेरिका के साथ संबंध सुधारने में हमें सावधानी बरतनी चाहिए। मैं सावधानी शब्द का प्रयोग करने के लिए उनका आदर करता हूं। इस संबंध में अतीत का उदाहरण दिया गया है। इस बात का हमें भी पता है और दूसरा पक्ष भी इसे जानता है। ...संबंधों को सुधारने के विरोध में मैंने कहीं से कोई आवाज नहीं सुनी है और आलोचकों ने भी यह बात नहीं कही है। अतः हमने सावधानी के सभी पहलुओं पर बहुत विचार किया है और हम यह समझते हैं कि हमें संबंध सुधारने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करनी चाहिए।

**(लोकसभा में दिए गए भाषण से)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### एनडीआरएफने जिला पंचायत में टेबल टॉप मॉक ड्रिल का किया प्रदर्शन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभाकक्ष में एनडीआरएफमुण्डली कटक (उड़ीसा) के अधिकारी/जवानों द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से संबंधित टेबल टाप एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग एवं जिला सेनानी पी.बी. सिदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। टेबल टाप मॉकड्रिल में एनडीआरएफकी टीम द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से बचाव कार्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए टेबल टॉप एक्सरसाइज (टीटीई) का प्रदर्शन किया। व्याख्यान कार्यक्रम में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र एसईसीएल कुसमुंडा, बालको पावर प्लांट, नगर सेना कोरबा, लैंको पावर प्लांट, सीएसईबी पूर्व एवं पश्चिम तथा के टी. एस. पावर प्लांट की रेस्क्यू टीम तथा नगर पंचायत कटघोरा एवं नगर पंचायत दीपका के सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे। इसी कड़ी में 16 दिसंबर 2023 को एनटीपीसी जमनीपाली कोरबा में केमिकल डिजास्टर से संबंधित माक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

### सीसी रोड निर्माण के लिए 2.08 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा प्राप्त सी.सी. रोड निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड पाटन के ग्राम अचानकपुर में सी.सी. रोड निर्माण हेतु 2 लाख 08 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कार्यो के संपादन का दायित्व कार्यकारी एजेन्सी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी।

### भागवत कथा श्रवण करने पहुंचीं सांसद ज्योत्सना महंत

**कोरबा।** वासन परिवार द्वारा घंटाघर ओपन थिएटर कोरबा में आयोजित हो रहे मद् भागवत कथा सप्ताह में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत भी शामिल हुई। सांसद ने कथा स्थल पर पहुंचकर व्यासपीठ से भागवत भगवान एवं कथाचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी से आशीर्वाद लिया। सांसद का व्यासपीठ से सम्मान किया गया। इसके पश्चात सांसद ने श्रोताओं के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया।

कड़ी चावल खाने पहुंचे विधायक रिकेश ने बुजुर्ग दंपति को दिलाया मकान और दुकान, बोले-

# यही तो है पीएम मोदी की गारंटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नेहरू नगर गार्डन के पास ठेला खोमचा लगा कर दो वक्त की रोटी के इंतजाम में लगे बुजुर्ग दंपति के लिए शुक्रवार का दिन नई सुबह लेकर लेकर आया। दरअसल विधायक रिकेश सेन यहां कड़ी चावल खाने रुके और बुजुर्ग दंपति से बात करने लगे। इस दौरान बुजुर्ग दंपति ने अपने संघर्ष की कहानी बताई तो विधायक रिकेश काफी भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को तलब किया और बुजुर्ग दंपति के लिए दुकान व मकान का इंतजाम करने का निर्देश दिया। फिर क्या था आनन फानन में मौके पर निगम के अफसर पहुंचे और बुजुर्ग दंपति को दुकान व मकान अलॉट कराया।



बता दें कि आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन जनसंपर्क अभियान में निकले हुए थे। भूख लगी तो खाना खाने के लिए एक बुजुर्ग दंपति के स्टॉल पहुंच गए। ये स्टॉल नेहरू नगर गॉर्डन के पास सर्विसलेन किनारे स्थित है, जिसका नाम है जायका पंजाब दा। इसे चलाने वाले बुजुर्ग दंपति के जीवन रूपी संघर्ष की कहानी थी ही इतनी इमोशनल की विधायक महोदय का भी दिल पसीज गया। विधायक रिकेश कढ़ी चावल खाते-खाते स्टॉल के संचालक प्रवीण त्रेहान से बात किए।

इस दौरान प्रवीण ने बताया कि वर्षों की जद्दोजहद के बाद भी उनके पास न तो पक्का मकान है और न ही दुकान। विधायक ने तत्काल निगम के भवन अधिकारी विद्याधर देवांगन और जोन आयुक्त को फोन करके मौके पर बुलाया और दो घंटे में पूरी प्रक्रिया हो गई। बुजुर्ग दम्पत्ति को मकान और दुकान दोनों एलॉट हो गया।

### विधायक की पहल पर बुजुर्ग दंपति के चेहरे पर आई मुस्कान

वैशाली नगर विधायक रिकेश की पहल से दोनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। त्रेहान दंपति के माथे की गहरी शिकन अचानक उनके चेहरे पर सहज ही मुस्कान बन कर बिखर गई। उनकी आंखों में खुशी के आंसू यकीनन विधायक रिकेश लिए सच्ची दुआ बन छलकने लगे। बस फिर क्या सबकुछ स्वप्न से लगने वाले मंजर को यकीन में बदलते हुए विधायक रिकेश ने उन्हें केवल इतना ही कहा कि मैं कुछ नहीं कर रहा, यही तो मोदीजी की गारंटी है। जिस जनता ने मोदीजी और भाजपा के लिए मुझे जिताया है, उनकी सेवा करना ही मेरा काम है और मैं करूंगा भी।

### पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तैयार

रिकेश सेन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आ गई है। हम मोदीजी की गारंटी को पूरा करने के लिए तैयार हैं। क्षेत्र की जनता ने भारी मतों से मुझे चुनाव जिताया है, मेरी प्राथमिकता में यह सभी है क्योंकि सड़क, नाली, पानी ही विकास नहीं है, लोगों की दु:ख तकलीफों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम ही सच्चा विकास है। यही हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी की गारंटी भी है कि सबको आशियाना मिले, इसीलिए कल कैबिनेट की पहली बैठक में पीएम आवास को मंजूरी दी गई है। उसके बाद ही आज हमने त्रेहान परिवार को मकान व दुकान एलॉट किया है।

# रात में कंबल लेकर निकलते है युवा ताकि कोई ठण्ड से ना हो परेशान - जीव दया ग्रुप

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** रात के 12 बजे रहे हो या और भी कोई वक्त बस उन्हें एक फोन आता है कि सड़क पर एक गरीब ठंड से ठिठुर रहा है। वे कुछ ही ही देरी में वहाँ हाज़िर हो जाते है और बिना किसी से कुछ कहे उन गरीबों को कंबल ओढाकर चले जाते है। शहर में इन दिनो रात में मशीहा बन, कई ग्रुप सामाजिक जिम्मेदारी निभा रेह है। इनमे से एक जीव दया ग्रुप । जिनमें जैन समाज के 30 युवा और युवती शामिल है इनको करे फ़ोन:- मयंक बोथरा 83590 66666, ऋषभ गोलछा 9302777744, मिहिर कोचर 8319940994, गगन बोहरा 882727 9146 जो निस्वार्थ भावना से जुड़े हुए है । अपने बिज़नेस, नौकरी के बीच थोड़ा सा समय निकालकर वे मानव सेवा में जुटे हुए है। टीम बनाकर काम: ग्रुप के प्रवेश पारख और योगेश कोचर ने बताया कि ठंड के दिनो में कंबल बाटने अलग- अलग ग्रुप बना बनाए गये है। जो न केवल ठंड में लोगों को कंबल देकर उन्हें ठंड से बचा रही है, साथ ही गायों को रोटी खिलाने से लेकर चिड़ियों के लिए भी दाना- पानी काँ भी इंतज़ाम करते है। ग्रुप के युवाओं का कहना है कि छोटी-छोटी मदद के ज़रिये वे सभी जीव सेवा में जुड़े है।

ग्रुप में अशोक लोढ़ा, आशीष बोहरा,ऋषि बोथरा, नीरज लुनावत, गौरव पण्ड्या, आदित्य नाहर, शैलेश बुरड, अमित बाफ़ना जिनमें से कुछ लोगों के नम्बर सोशल मीडिया पर दिए गए है, ताकि कोई भी व्यक्ति उन्हें फोन करके जानकारी दे सके। उनका ग्रुप मदद के लिए तुरंत ही पहुँच जाता है उन्होंने बताया की ठंड से बचने के लिए वे कंबल बाटते है।

# ठंड को देखते हुए नगर निगम ने की सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ठंड को देखते हुए नगर निगम के सभी जोनो के जोन कमिश्नरों को आमजनों को ठंड से राहत दिलवाने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में शीतलहर काल के दौरान व्यवस्थित रूप से अलाव प्रतिदिन नियमित जलाने के निर्देश दिये गये हैं ।


आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनों की टीमों ने राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ठंड को देखते हुए आमजनों की सुविधा हेतु अलाव जलाने की निरन्तर व्यवस्था दी है। नगर पालिक निगम जोन 1 के तहत भनपुरी, गुढियारी मुख्य मार्ग के किनारे विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, नगर पालिक निगम जोन 7 क्षेत्र के तहत कबीर चैक रामनगर सुलभ के समीप, अग्रसेन चैक के पास श्रीगणेश मन्दिर के समीप, रामकुण्ड ठाकरे चैक के समीप सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की निरंतरता से व्यवस्था की जा रही है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनो के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों की सुविधा हेतु ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था निरन्तर दी जा रही है।

विधायक रिकेश के निर्देश पर निगम का एक्शन

# बारात में साथ बज रहा था डीजे बीच सड़क पर लगा जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में नव निर्वाचित विधायक रिकेश सेन का ऑन रोड़ एक्शन जारी है। विधाक रिकेश के निर्देश पर निगम का अमला भी मुस्तैद है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बारात के साथ बज रहे गुरूकृपा डीजे की साउंड मात्रा जांची गई। तय मानक से अधिक पाए जाने पर डीजे संचालक पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया। बारात का मजा फीका न हो इसके लिए डीजे को जब्त किए बिना तय मानक पर ही चलाने की हिदायत देकर छोड़ा गया। इसके अलावा क्षेत्र में संचालित दो होटलों पर भी कार्रवाई की गई।



वैशाली नगर विधानसभा विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों सहित खुले में मांस विक्रय और नियम विरुद्ध ओयो होटल संचालकों पर शुक्रवार को भी भिलाई निगम टीम ने कार्रवाई की है। निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने शुक्रवार सुबह राधिका नगर सड़क के किनारे विश्वकर्मा मार्केट में दो स्थानो पर अवैध रूप से टीन शेड लगा कर किये गये कब्जे को बुलडोज़र से ध्वस्त किया।

निगम की टीम फरीद नगर के पार्क साईट नामक ओयो पंजीकृत होटल पहुंची और निगम के अधिकारियों ने होटल संचालन से आवश्यक दस्तावेज की जांच की, पूरी कार्रवाई के दौरान भवन स्वामी उपस्थित नहीं हुए, जांच में भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णता: मौके पर नहीं पाया गया तो निगम के भवन अनुज्ञा विभाग द्वारा नोटिस जारी कर होटल का संचालन बंद करवाया गया।

इसके बाद सिरसा रोड कोहका मे होटल फ्रेंड्स पार्क पर कार्रवाई की गई। इस होटल के पास भवन पूर्णता सर्टिफिक्रेट नहीं था। भवन पूर्णता सर्टिफिक्रेट मिलने तक बंद रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही इस होटल से ओयो का बोर्ड भी हटवाया गया। विधायक रिकेश सेन ने आज एक और पहल की है, उन्होंने सभी घरों के आंगन में तुलसी चौरे को सजाने संवारने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है इसलिए स्कूलों में भी फैंसी ट्री की बजाय सभी बच्चे तुलसी के पौधे का रोपण कर उसे सजाएंगे। इसके लिए विधायक रिकेश ने डीईओ दुर्ग से फोन पर चर्चा कर इस संबंध में निर्देशित किया है। बीती रात को सूर्या मॉल जुनवानी में लगे फैंसी ट्री को उन्होंने हटवाया और फैंसी ट्री की जगह तुलसी के पौधे लगाकर उसे संवारने कहा है।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हमारी भावी और मौजूदा पीढ़ी को धर्म-संस्कृति, परंपरा के बारे में पता होना चाहिए। सनातन के बारे में अधिकांश बच्चों को नहीं पता है। इसकी शुरुआत हमें अटल जयंती से पूर्व तुलसी पूजा और आंगन में तुलसी चौरे को संवारकर करनी होगी। इसलिए 25 दिसंबर को अटलजी की जयंती पर शहर के मुख्य स्थलों पर, स्कूलों आदि में फैंसी ट्री की बजाय तुलसी पौधा लगाकर उसे संवारने की अपील वो लोगों और शैक्षणिक संस्थाओं से कर रहे हैं। तुलसी का पौधा स्वास्थ्यवर्धक होता है और हमारी सनातन संस्कार में तुलसी पूजन का बड़ा महत्व भी है।

# बीएसपी में विक्रेता विकास सह उत्पाद औद्योगिक प्रदर्शनी का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) -विकास कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित, सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह उत्पाद प्रदर्शनी का समापन समारोह 14 दिसम्बर 2023 को मानव संसाधन विकास केन्द्र में सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एस के डे थे। इस दो दिवसीय औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन 13 और 14 दिसंबर 2023 को किया गया।

इस अवसर पर, संयुक्त निदेशक एवं एचओओ राजीव एस, बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रतिष्ठित पीएसयू, राष्ट्रीयकृत बैंकों, एमएसई एवं एमएसएमई के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी बीएसपी, बीएसएनएल, एनएमडीसी, पीएनबी, एसबीआई,




आरबीआई, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, दुर्ग, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (ईसीजीसी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) सिपेट सहित प्रतिष्ठित पीएसयू, राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के विशिष्ट अतिथियों ने तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया। साथ ही एमएसएमई इकाइयों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन दामोदर बेहरा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन राजीव एस के द्वारा किया गया।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को मंच प्रदान करना था, जहाँ इन इकाईयों के द्वारा उनके उत्पादों के विनिर्माण क्षमताओं और सेवाओं को संबंधित क्रेताओं जैसे-केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं वृहद उद्योगों के समक्ष प्रदर्शित किया जा सके। साथ ही क्रेता-विक्रेता, उपभोक्ता तथा विनिमार्ताओं के मध्य नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराना था, जिससे कि वे आपसी सहभागिता के साथ भी अपने औद्योगिक सम्बन्धों को सुदृढ़ बना सकें एवं देश के एमएसएमई क्षेत्र के विकास को गति प्रदान कर सकें।

# मुख्यमंत्री के फैसले से जन-जन में जागा विश्वास, पूरे होंगे छत्तीसगढ़ में 18 लाख आवास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले के पास स्थित टेकारी गांव के निवासी प्राकृतिक आपदा और बंदरो द्वारा पैदा की गई आपदाओं से परेशान रहते हैं। बारिश के मौसम में उनके जीर्ण-शीर्ण घरों में छत से पानी टपकाने लगता है और रही सही कसर बंदरों की उछल कूद से पूरी हो जाती है। मकान के मेंटेनेंस का खर्चा इन ग्रामीणों पर बहुत भारी पड़ता है प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी के पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए जाने के निर्णय से टेकारी के ग्रामीणों में भी काफी खुशी की लहर है ,अब उन्हें हर साल होने वाली समस्या से पूरी तरह मुक्ति मिल जाएगी।

रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के ग्राम टेकारी के हितग्राहियों में मुख्यमंत्री के पक्का आवास देने के फैसले के बाद भारी उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि अब हमारा भी पक्का मकान होगा। गांव के



हितग्राही मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि उन्होंने पूर्व में प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया था, पर उनका आवास स्वीकृत नहीं बन पाया था। वह कहते हैं कि मुख्यमंत्री जी के निर्णय के बाद अब मेरा भी पक्का आवास होगा इस बात कि अब मुझे बहुत खुशी है। इसी तरह गांव के ही अन्य हितग्राही टेकारी ग्राम के बस्ती पारा निवासी मुकेश धीवर बताते हैं कि उनके घर में दस लोग रहते हैं। कच्चा मकान होने के कारण बारिश के दिनों में उन्हें बड़ी परेशानी होती थी। वर्षा के कारण छत से पानी टपकने लगता था और हमें सोने में समस्या होती थी। हम किसी तरह पॉलिथीन का उपयोग करके छत की मरम्मत करते थे, पर वह भी कारगर साबित नहीं होता था पर पक्का आवास बनने से हमें इस समस्या से राहत मिलेगी। इनकी माता श्रीमती सोनी धीवर कहती है कि अब मुझे लग रहा है कि हमें पक्का मकान में रहने मिल जाएगा, जिससे बंदरों के उछल-कूद से घर के छत में होने वाले नुकसान से निजात मिलेगी। गांव की अन्य हितग्राही श्रीमती लक्ष्मी वर्मा कहती है कि उनके मकान की रसोईघर की छत कमजोर हो जाने के कारण गिर गई थी, परन्तु उस समय रसोईघर में किसी के न होने के कारण बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उनके पति लाल जी वर्मा बताते है कि गाय के कोठे की छत भी कमजोर होने के कारण एक बार गिर गई थी। साथ ही गांव में बन्दरों की उछल-कूद से खपरैल भी टूट जाते है। जिसकी मरम्मत के लिए उन्हें हर वर्ष 20 हजार रूपये खर्च करने पड़ते थे साथ ही कच्चे मकान की वजह से सांप-बिच्छू का खतरा भी बना रहता था।







### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा 'कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध' अभियान

## जगदलपुर और बिलासपुर में निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का काम आगामी फरवरी तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने और जेनेरिक दवाईयों के उपयोग को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय, महानदी भवन में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक ली। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और एंबुलेंस सेवा-108 को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य को कुष्ठमुक्त बनाने जल्दी ही 'कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध' अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाईयां ही प्रिस्क्राइब करने को कहा। उन्होंने सभी अस्पतालों में जेनेरिक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जगदलपुर और बिलासपुर में निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का काम आगामी फरवरी माह तक हर हाल में पूर्ण करने को कहा, ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों मार्च में इनका लोकार्पण कराया जा सके। उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में कहा है कि हर जरूरतमंद मरीज के पास एंबुलेंस तत्काल पहुंचे। मरीजों तक एम्बुलेंस आधा घंटे में पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने सड़कों पर विचरण करने वाले मानसिक रोगियों के इलाज एवं कल्याण के लिए तुरंत कदम उठाने और उनके त्वरित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै ने मुख्यमंत्री को राज्य के मेडिकल कॉलेजों, संबद्ध अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों तथा डेंटल कॉलेजों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रमों, एनीमिया मुक्त भारत, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सीआर प्रसन्ना, चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, आयुष विभाग की संचालक सुश्री नम्रता गांधी और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

## खास खबर...



### वह दिन अब दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगाः अरुण साव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी शहीद अखिलेश राय को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने नक्सली हमले में शहीद अखिलेश राय के पार्थिव शरीर को पुष्पचक्र अर्पित करते हुए रायपुर एयरपोर्ट पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल तक भाजपा की सरकार के नेतृत्व में हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है और अब पुनः भाजपा की सरकार स्थापित होने पर नक्सली बौखलाहट में सुरक्षा बलों पर घात लगाकर कायराना हमला कर रहे हैं। नक्सली में इतनी हिम्मत नहीं है कि हमारे बहादुर जवानों का सामना कर सकें। इसलिए वे अपने बिल से निकलकर जो हिंसात्मक कार्रवाई कर रहे है उसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि जब भाजपा की सरकार होती है तो नक्सली समस्या के समाधान के उपाय होते है। हमारे वीर जवान नक्सलियों की गुफा में घुसकर मुठभेड़ करते है। इसलिए नक्सलियों को भाजपा की सरकार रास नहीं आ रही है लेकिन हम छत्तीसगढ़ की जनता को विश्वास दिलाते है कि जिस तरह हमने पहले नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण किया उसी तरह अब इस सरकार में हम नक्सल समस्या का खात्मा कर देंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। यह केवल एक कथन नहीं है। हम कहने नहीं करने में भरोसा करते है। विश्वास दिलाते है कि छत्तीसगढ़ से नक्सल समस्या का पूरी तरह खात्मा कर देंगे और आने वाले समय में भाजपा की सरकार नक्सलियों के खिलाफ मजबूती से रणनीतिक अभियान शुरू करेगी। वह दिन अब दूर नहीं है जब छत्तीसगढ़ कांग्रेस की ही तरह नक्सलवाद से भी मुक्त हो जाएगा।

### कलश यात्रा के साथ 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर रायपुर एवं रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से 15 से 18 दिसम्बर तक दशहरा मैदान, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा में होने वाले 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण के लिए शुक्रवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम संयोजक रामकृष्ण साहू और जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया कि कलश यात्रा में पीले वस्त्र धारण कर महिलाओं ने सिर पर जलकलश लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया। कलशयात्रा में लगभग 2000 की संख्या में गायत्री परिजन, व नगरवासी तथा स्थानिय जनप्रतिनिधी उपस्थित रहें। इस दौरान जगह जगह विभिन्न संगठनों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्रज्ञागीतों, गायत्री मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गायत्रीमय हो गया तथा गायत्री माता के जयकारे से पूरा नगर गूंजायमान रहा। कलश यात्रा टिकरापारा के नरैया तालाब से जल भरकर, गंगा आरती के साथ प्रांरभ हुए जो सिद्धार्थ चौक, हनुमान मंदिर, हरदेवलाला मंदिर, टिकरापारा थाना होते हुए छत्तीसगढ़ नगर दशहरा मैदान पहुंची एवं यहां शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषिपुत्रों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान से कलश पूजन कराकर यज्ञ स्थल पर सभी कलशों को स्थापित कराया गया। यह महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा दिनांक 18 दिसम्बर तक चलेगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक एवं संरक्षक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा ने मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए गायत्री मंत्र साधना और यज्ञ कर्म को आवश्यक माना है।

## प्रदेश में अब तक 35.58 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी, 7.87 लाख किसानों ने बेचा धान

### किसानों को 7313 करोड़ रूपए का भुगतान

### कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा 17.02 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर 1 नवम्बर 2023 से धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। गत डेढ़ माह में अब तक राज्य के 7 लाख 86 हजार 463 पंजीकृत किसानों से 35 लाख 57 हजार 374 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। किसानों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 2 हजार 739 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा अपेक्स बैंक को अब तक कुल 7 हजार 313.02 करोड़ रूपए जारी किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के सहुलियत को ध्यान में रखते हुए सुगमतापूर्वक धान खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में निर्धारित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने को कहा गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी व्यवस्था का निरंतर निरीक्षण करने को भी कहा गया है। राज्य शासन द्वारा इस वर्ष प्रदेश के किसानों से 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इस खरीफ विपणन वर्ष में धान बेचने के लिए प्रदेश के 26.86 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। इसमें कुल पंजीकृत रकबा 33.15 लाख हेक्टेयर है, वहीं 2.59 लाख नवीन किसानों ने पंजीयन कराया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 35.57 लाख मीट्रिक टन धान में से 27.43 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 17.02 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 15 दिसम्बर को 59 हजार से अधिक किसानों से 2.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। आज की धान खरीदी के लिए 76 हजार 463 टोकन जारी किए गए थे। इनमें टोकन तुंहर हाथ एप के तहत 28 हजार 082 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए थे।

## रामविचार नेताम होंगे प्रोटेम स्पीकर, विधानसभा अध्यक्ष सहित विधायकों को दिलाएंगे शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्रारंभिक कार्रवाई के लिए प्रोटेम स्पीकर का चुन लिया गया है। वरिष्ठ बीजेपी विधायक रामविचार नेताम को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। प्रोटेम स्पीकर के रूप में नेताम नवनिर्वाचित विधायकों व विधानसभा अध्यक्ष को शपथ दिलायेंगे। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19, 20 और 21 दिसंबर को होगा, जिसमें रामविचार नेताम सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

बता दें रामविचार नेताम रामानुजगंज से विधायक हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की को 29663 वोट से हराया है। रामविचार नेताम ने शिक्षक की नौकरी से त्यागपत्र देकर साल 1990 में तत्कालीन पाल विधानसभा सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में नेताम को जीत हासिल हुई थी। इसके बाद लगातार साल 1993, 1998, 2003, 2008 में विधानसभा चुनाव जीते। साल 2013 तक रामानुजगंज विधानसभा सीट से ये विधायक रहे हैं। रामविचार नेताम साल 2004 में पहली बार आदिम जाति कल्याण विभाग और राजस्व विभाग के मंत्री बने। साल 2005 से लेकर साल 2008 तक गृह जेल और सहकारिता विभाग के मंत्री रहे। लगातार 2013 तक पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग विधि विधायी कार्य समेत कई विभाग के मंत्री रहे। साल 2016 से लेकर साल 2022 तक छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के सांसद रह चुके हैं।

## मुख्यमंत्री से विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने की मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को पहुना में छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में अनिल शुक्ला, आलोक मिश्रा, चंद्रशेखर तिवारी, बीपी शर्मा, सतीश मिश्रा, राजेश चटर्जी, महेंद्र राजपूत, तीरथ सेन, मनीष ठाकुर, राकेश शर्मा, ओपी शर्मा, सत्येंद्र देवांगन, लक्ष्मण भारती, पंकज पांडे, जय साहू, संतोष वर्मा, लोकेश, ऋतु परिहार, रीना राजपूत शामिल थीं।

### एम्स में जुटे मेडिकोलीगल एक्सपर्ट बोले-

## मनोविज्ञान-फारेंसिक साइंस से आसानी से सुलझ सकते हैं आपराधिक मामले



**रायपुर।** राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मेडिकोलीगल एक्सपर्ट दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन एफएमटीएमपीसीजी कान-6 का आयोजन किया गया। पहले दिन फारेंसिक मेडिसिन और टाक्सिकोलाजी के विशेषज्ञों ने फारेंसिक साइंस के क्षेत्र में आ रहे बदलावों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

उन्होंने कहा कि आपराधिक मामलों को मनोविज्ञान और फारेंसिक साइंस की मदद से ज्यादा आसानी के साथ सुलझाया जा सकता है। एम्स के एफएमटी विभाग के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में देशभर के प्रमुख फारेंसिक साइंस विशेषज्ञ शामिल हुए हैं।

इसमें क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन में मनोविज्ञान की भूमिका, पोस्टमार्टम में माइक्रोबायोलाजी की मदद से विश्लेषण, नवीन रेडियोलाजी तकनीक, अंग प्रत्यारोपण के नीतिगत और विधिक पक्ष, हिमोरेजिक और पाइजनिंग से होने वाली मृत्यु की जांच में फारेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका के बारे में बताया गया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से फारेंसिक विशेषज्ञ डॉ. राघवेंद्र विद्वा और डॉ. एसआर गर्ग शामिल हुए।

एम्स में एफएमटी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णदत्त चावली ने बताया कि मेडिकोलीगल के विभिन्न मुद्दों के बारे में चिकित्सा विशेषज्ञों में जागरूकता बढ़ाने और मेडिकोलीगल प्रेक्टिशनर्स को नवीनतम तकनीक और तथ्यों के बारे में जानकारी देने के लिए कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है।

सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को केस बेस्ड प्रजेंटेशन और पोस्टमार्टम के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया जाएगा। कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में अधिष्ठाता (अनुसंधान) प्रो. सरिता अग्रवाल, डॉ. दीपक डिसूजा, डॉ. स्वप्निल आघाड़े, डॉ. पंकज घोरमडे आदि मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ में 25 दिसंबर से और बढ़ेगी ठंड, जनवरी से शीतलहर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 25 दिसंबर से ठिठुरन थोड़ी और बढ़ने वाली है तथा जनवरी पहले सप्ताह में शीतलहर चलने के आसार है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अब नमी में बढ़ोतरी होगी। इसके चलते आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

इससे ठंड थोड़ी कमतर रहेगी। हालांकि 19 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष अच्छी ठंड पड़ने की उम्मीद है। शुक्रवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। आउटर व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही अब शहर में भी ठंड बढ़ने लगी है।

अंबिकापुर सहित कई क्षेत्रों में तो न्यूनतम तापमान और गिरने के कारण अभी से शीतलहर के हालात बन रहे है। ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों के स्टालों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है,साथ ही कपड़े संस्थानों में भी गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ गई है। कारोबारियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा कारोबार की उम्मीद है। अब मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अब नमी की मात्रा बढ़ने वाली है, इसके कारण ही न्यूनतम तापमान मे बढ़ोतरी होगी। इसके बाद 19 दिसंबर के न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट शुरू होगी और ठंड बढ़ेगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# सर्दी में संतरा खाने का यह है सही वक्त तभी मिलेगा शरीर को भरपूर फायदा

**संतरा को सर्दी का सबसे बेस्ट फल माना जाता है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। जो आपकी इम्युनिटी को मजबूत रखता है। हेल्थ एक्सपर्ट अक्सर यह बात कहते हैं कि खासकर सर्दी में आपकी इम्युनिटी कमजोर होगी तो आप जल्दी-जल्दी कोल्ड-कफ का शिकार हो जाएंगे।**



आजकल ज्यादातर लोग ब्रेकफास्ट में संतरे का जूस पीना पसंद करते हैं। क्योंकि कहते हैं दिन की शुरुआत हेल्दी ब्रेकफास्ट के साथ करनी चाहिए। संतरा का स्वाद हल्का मीठा और खट्टा होता है जिसके कारण इसे पीते ही बहुत ही फ्रेश महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि ठंड के मौसम में संतरा खाने या उसके जूस पीने का कौन सा सही वक्त होता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आप बेवक्त संतरे का जूस पी लेंगे तो पेट में गैस, कब्ज की परेशानी हो सकती है। आज इस आर्टिकल के जरिए आपको संतरे खाने का सही वक्त बताएंगे। ताकि इससे आपके शरीर को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचे।

### सर्दी में संतरा खाने का सही वक्त

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप संतरा खाना बेहद पसंद करते हैं तो इसे आप कभी भी खाली पेट या रात के वक्त न खाएं। आप कोशिश करें कि जब भी आप संतरा या उसका जूस पिएं तो दोपहर के वक्त पिएं। खाली पेट संतरा खाने या जूस पीने से एसिड रिफ्लैक्स होने लगता है। यह फल इम्युनिटी बूस्ट तो करती ही है लेकिन गलत वक्त पर खा लेंगे तो यह गैस की समस्या पैदा करेगी।

डायरेक्ट संतरा खाने या जूस पीने से स्किन काफी ज्यादा हेल्दी रहता है। क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। यह ग्लोइंग स्किन के लिए काफी अच्छा होता है साथ ही पेट भी अच्छा रहता है।

### आंखों के लिए अच्छा होता है संतरा

अगर आप विंटर में रेग्युलर संतरा खाते हैं तो इसका असर आपको 1 सप्ताह के अंदर दिख जाएगा। क्योंकि इसमें फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है। जिसकी वजह से इसे खाने के बाद पेट भरा हुआ लगता है। संतरा आंखों के लिए काफी अच्छा और फायदेमंद होता है। जिन लोगों की आंखें कमजोर हैं उन्हें तो संतरा या नींबू बिल्कुल खाना चाहिए।

### क्या सर्दी के मौसम में ज्यादा संतरे खाने से कोई नुकसान होता है?

संतरा आमतौर पर स्वास्थ्यवर्धक होता है, लेकिन इसके अत्यधिक सेवन से फाइबर की मात्रा के कारण पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, साइट्रस एलर्जी या किडनी की समस्याओं जैसी कुछ चिकित्सीय स्थितियों वाले व्यक्तियों को इसका सेवन कम करना चाहिए।

### किन लोगों को संतरा नहीं खाना चाहिए?

जिन लोगों को किडनी और लिवर की बीमारी है उन्हें संतरा नहीं खाना चाहिए। क्योंकि संतरे में पोटेशियम की मात्रा काफी ज्यादा होती है। साइट्रस एलर्जी वाले लोगों को हर रोज संतरा खाना चाहिए। हमेशा किसी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से परामर्श लें।

## दिव्या खोसला कुमार पर चढ़ा देसी रंग येलो साड़ी में लगाया हॉटनेस का तड़का



दिव्या खोसला कुमार बेशक एक्टिंग के दम पर खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं, लेकिन उन्होंने अपने स्टाइल और ग्लैमरस अंदाज से हमेशा ही देशभर के लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। अब एक बार फिर एक्ट्रेस ने अपनी अदाएं दिखाते हुए चाहने वालों के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। लेटेस्ट फोटोशूट के लिए एक्ट्रेस ने देसी लिबास ओढ़ लिया है।

दिव्या ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर नया लुक दिखाया है। इसमें उन्हें येलो शेड की साड़ी पहने हुए देखा जा रहा है, जिस पर मल्टी शेड वर्क किया गया है। एक्ट्रेस ने साड़ी के साथ ऑफ शोल्डर का ब्लाउज पेयरअप किया है। दिव्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और मिनिमल आई मेकअप से कंप्लीट किया है। वहीं, उन्होंने अपने बालों को बांधा हुआ है।

दिव्या ने अपने इस लुक के साथ एक्सेसरीज के तौर पर गोल्ड के हूप ईयररिंग्स पहने हैं। वहीं, उन्होंने हाथों में मल्टी शेड बैंगल्स कैरी किए हैं। एक्ट्रेस ने अपने इस एथनिक को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से एक पोज दिए हैं। दिव्या साड़ी में भी इतनी हॉट दिख रही हैं कि फैंस उन पर से नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं। फैंस ने उन पर प्यार लुटाते हुए कई कमेंट्स किए हैं।

दिव्या के इतने स्टाइलिश लुक को देख अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता कि वह 36 साल की हैं और एक बेटे की मां हैं। आज भी उन्होंने खुद को बहुत फिट रखा है। वहीं, एक्ट्रेस अपनी फिल्मों के साथ-साथ परिवार के साथ भी पूरा वक्त बिताती हैं। बता दें कि पिछली बार दिव्या फिल्म यारिया 2 में लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई थीं।

## आपके जूते कैसे कर रहे हैं आपको बीमार? कहीं आपके पास भी तो ये वाले नहीं हैं?

**आजकल मार्केट में तरह-तरह के डिजाइन, लुक, ब्रांड वाले जूते आ गए हैं। लोग ब्रांड और कीमत देखकर जूतों को खरीदते हैं। क्या आप जानते हैं कि जिन जूतों को आप इतनी पसंद से खरीदते हैं वे आपको बीमार भी बना सकते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जूतों की वजह से आर्थराइटिस, घुटने की दिक्कत, नॉकनिक, फ्लैटफिट और बोलैग जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हाल ही में हुए एक रिसर्च में बताया गया कि जूतों को कंफर्ट के अनुसार न खरीदने से 23 प्रतिशत युवा खिलाड़ी वक्त से पहले ही अनफिट हो जाते हैं। आइए जानते हैं क्या कहता है रिसर्च और कहीं आप भी तो इन जूतों को नहीं पहन रहे हैं।**



### क्या कहता है जूतों पर हुआ रिसर्च

जूतों को किस आधार पर चुनना चाहिए, इसे लेकर क्वेश्चन बेस सर्वे किया गया। जिसमें 15-25 साल तक के 1000-1500 खिलाड़ियों से कुछ सवाल पूछे गए। सर्वे में पाया गया कि बॉडी के बैलेंस और पैरों के आर्क के अनुसार, जूते न पहनने से पैरों में परेशानियां आने लगती हैं, जो आगे चलकर पैरों को सही विकास को भी रोक सकती है। ये दिक्कत अर्थराइटिस, घुटने की दिक्कत, नॉकनिक, फ्लैटफिट और बोलैग की भी हो सकती है। इसी वजह से 25 प्रतिशत खिलाड़ी युवा होते ही अनफीट हो जाते हैं।

### बच्चों को न पहनाएं इस तरह के जूते

ये रिसर्च स्पोर्ट्स शूज पर की गई पहली रिसर्च है। जिसमें बताया गया कि पैरेंट्स में बच्चों को बड़ा जूता दिलाने की आदत गलत है, क्योंकि बड़े जूते पहनने से बच्चों के पैरों का विकास काफी हद तक प्रभावित होता है, जो आगे चलकर कई तरह की परेशानियों का कारण बन सकता है। रिसर्च में बताया गया कि विदेशों में जूते बेचने वाली कंपनियां कस्टमर्स के पैरों की बनावट के हिसाब से जूते तैयार करती हैं। ये महंगा तो होता है ल्किन पैरों की सेहत के लिए सही होता है, जबकि भारत में ऐसा नहीं होता है।

### किस तरह के जूते खरीदने चाहिए

इस रिसर्च में बताया गया कि खिलाड़ी हो या आम आदमी जूते सस्ते, सुंदर और टिकाऊ देखकर खरीदते हैं। जो कि गलत है, अगर आप भी इस तरह के जूते पहन रहे हैं तो तुरंत अपनी आदत बदल लें, क्योंकि जूते हमेशा कंफर्ट को देखकर ही खरीदने चाहिए। शरीर के हिसाब से भी जूतों का चयन करना चाहिए। जूते कितनी देर तक पहन सकते हैं, इसका भी ख्याल रखना चाहिए। इसलिए जूते वहीं खरीदने चाहिए जो पैरों के लिए आरामदायक हों।

## बिग बॉस 17 में हो रही है आयशा खान की वाइल्डकार्ड एंट्री?



**सलमान खान के विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 17 में एक बार फिर से वाइल्डकार्ड आने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि आयशा खान इस शो में बतौर वाइल्डकार्ड एंट्री करने वाली हैं। उन्होंने अपना सेगमेंट भी शूट कर लिया है। उनको सेट पर स्पॉट किया गया था। रियलिटी शो बिग बॉस 17 में अब तक दो वाइल्डकार्ड्स आए हैं। पहले समर्थ जुरैल और दूसरे कोरियन सिंगर ऑरा। अब खबर है कि एक और सदस्य की शो में एंट्री होने जा रही है। उनका नाम आयशा खान है, जो कि एक मॉडल और इन्फ्लुएंसर हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने हाल ही में सुर्खियां बटोरी थी क्योंक उन्हें मुनव्वर फारूका का बिना नाम लिए उन पर निशाना साधा था।**

सूत्रों के मुताबिक, आयशा खान को बिग बॉस 17 के सेट पर देखा गया था। वह वहां पर मौजूद थीं। वह अपना सेगमेंट शूट कर रही थीं, जिसका प्रसारण जल्द ही टीवी पर किया जाएगा। इनके पहले, अंजलि अरोड़ा के नाम की चर्चा थी। लेकिन उन्होंने एक पोस्ट के जरिए साफ कर दिया था कि वह इसका हिस्सा नहीं बन रही हैं। अगर बनेंगी तो जरूर बताएंगी। खैर।

आयशा खान का एक इंटरव्यू तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के बारे में बिना नाम लिए उन पर आरोप लगाए थे। उन्होंने बताया था कि जो पहले से ही एक रिश्ते में था, उस कंटेस्टेंट ने उनसे बाहर मिलने के लिए कहा था। इतना ही नहीं, बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट ने ये भी कहा था कि उनका गर्लफ्रेंड के साथ कुछ महीने पहले ही ब्रेकअप हो गया है।

आयशा ने किसी का नाम नहीं लिया था। लेकिन लोगों ने ये अंदाजा लगा लिया था कि वह मुनव्वर के बारे में ही बात कर रही हैं। वीडियो में आयशा ने कहा था कि बिग बॉस 17 कंटेस्टेंट ने उनसे शुरुआत में सोशल मीडिया पर सम्पर्क किया था। और मुझे अपने उस म्यूजिक वीडियो में कास्ट करने की इच्छा जताई थी, जो कभी बना ही नहीं। इसके अलावा, उन्होंने बताया था, जब उनकी दूसरी बार उनसे मुलाकात हुई, तो उन्होंने अपने प्यार का इजहार कर दिया था। और वह खुद भी उनकी अच्छी छवि के कारण उनके प्यार में पड़ गई थीं।

आयशा के मुताबिक, उनको पता था कि बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट पहले से ही रिलेशनशिप में हैं। लेकिन उन्होंने आयशा को ये बात कही थी कि उन्होंने गर्लफ्रेंड से 3-4 महीने पहले ही ब्रेकअप कर लिया था। हालांकि उनके साथ रिश्ते में आने से पहले उन्होंने बिग बॉस 17 कंटेस्टेंट से पूछ लिया था कि क्या उनके जीवन में कोई महिला है, जो इस रिश्ते से बाद में प्रभावित होगी? तो उन्होंने साफ-साफ इनकार किया था।

आयशा ने कहा कि वह किसी को दुख नहीं पहुंचाना चाहती थीं। उन्होंने तो उन्हें बिग बॉस, पर भी ले जाने का वादा किया था। लेकिन जब उन्होंने प्रीमियर पर देखा कि उनकी गर्लफ्रेंड ने साथ में फोटो शेयर की है, तो वह हैरान रह गईं। उन्हें यकीन नहीं हुआ। आयशा ने बताया कि उनकी उसकी गर्लफ्रेंड से बात होती है। साथ ही ये भी बताया कि बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट अपनी गर्लफ्रेंड से हमेशा ये ही करते हैं कि वह उनको छोड़कर न जाएं। जब वह शो से बाहर आएंगे तो उनसे शादी करेंगे। आयशा ने उनकी गर्लफ्रेंड की तारीफ की। ये इंटरव्यू का वीडियो वायरल हुआ तो लोगों ने मुनव्वर और नाजिला से जुड़ना शुरू कर दिया।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की इंडियन पुलिस फोर्स का पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख से उठा पर्दा



शेरशाह से बॉलीवुड में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज द पुलिस फोर्स से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।

इस कॉप एक्शन ड्रामा से अब तक सिद्धार्थ मल्होत्रा के कई लुक्स सामने आ चुके हैं। इस वेब सीरीज में पहली बार दर्शकों को सिद्धार्थ मल्होत्रा, विवेक ऑबेराय और शिल्पा शेट्टी की तिकड़ी दिखाई देगी।

एक लंबे समय के बाद रोहित शेट्टी ने आखिरकार इस बात से पर्दा उठा ही दिया कि सिद्धार्थ मल्होत्रा- शिल्पा शेट्टी स्टारर इस वेब सीरीज का टीजर कब दर्शकों के सामने आएगा।

आपको बता दें कि शाहिद कपूर और सैफ अली खान जैसे बड़े-बड़े सितारे पहले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी छाप छोड़ चुके हैं। अब सिद्धार्थ मल्होत्रा भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। इंडियन पुलिस फोर्स के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है।

जिसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करने के साथ ही रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर 2023 यानी कि कल रिलीज किया जाएगा।

सिद्धार्थ मल्होत्रा -शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय स्टारर इंडियन पुलिस फोर्स सीरीज 19 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। रोहित शेट्टी के साथ-साथ सुश्वंत प्रकाश भी निर्देशक की कुर्सी इस वेब सीरीज में संभालते हुए नजर आ रहे हैं।

इन तीनों के अलावा एक्ट्रेस ईशा तलवार, विभूति ठाकुर, निकितिन धीर, श्वेता तिवारी और शरद केलकर भी इंडियन पुलिस फोर्स वेब सीरीज का हिस्सा हैं। इस पोस्टर को देखने के बाद अब फैंस सिद्धार्थ मल्होत्रा को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखने का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### रायपुर उत्तर विधायक ने वार्ड 12 में विविध विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 के तहत आने वाले महात्मा गाँधी वार्ड क्रमांक 12 के मधु पिल्ले स्कूल में पहुंचकर वार्ड पार्षद एवं निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद साहू सहित जोन 3 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियन्ता राकेश अवधिया, सम्बंधित अधिकारियों, वार्ड के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की उपस्थिति के मध्य श्रीफल फेड़कर एवं कुदाल चलाकर लगभग 28 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से मधु पिल्ले स्कूल में पुराने एवं जर्जर शौचालय का जीर्णोद्धार करने, नाली का निर्माण सहित वार्ड में जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से विविध नवीन विकास कार्य शीघ्र करवाने भूमिपूजन किया एवं जोन कमिश्नर को तत्काल स्वीकृति अनुसार नवीन विकास कार्य प्रारम्भ करवाकर सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तायुक्त विकास कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये. जोन 3 जोन अध्यक्ष एवं पार्षद डॉक्टर प्रमोद साहू ने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा को सभी वार्डवासियों की ओर से नवीन विकास कार्य प्रारम्भ करवाने पर हार्दिक धन्यवाद दिया।

### एशियाई यूथ रैपिड शतरंज में भारत ने जीते चार स्वर्ण

**दुर्ग।** भारत ने संयुक्त अरब अमीरात में चल रही एशियाई युवा रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते। जिसमे भाग्यश्री पाटिल (अंडर 18, लड़कियां), सपरिया घोष (अंडर 14 लड़कियां), मुहम्मद श्यान नौशी इब्राहिम और श्रवणिका ने स्वर्ण पदक जीता । रजत पदक शेराली पटनायक (अंडर 8 लड़कियां), आरित कपिल और कियाना परिहार ने जीता। सेरा डगारिया और दिवि बिजेश को अंडर 16 लड़कियों के वर्ग में कांस्य पदक मिला। उल्लेखनीय है कि इस टीम के कोच ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से, नीलया बी., वीमेन फिडे मास्टर एवं फिडे इंस्ट्रक्टर कु. किरण अग्रवाल, (छत्तीसगढ़), लैशराम इमोचा व मैनेजर संजीव ठाकुर है। जिनके कुशल मार्गदर्शन में भारतीय टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

### प्रमुख सड़क मार्गो एवं बाजारों में रात्रिकालीन सफाई का विशेष अभियान निरंतर प्रगति पर

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा सभी 10 जोनों के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मार्गो में स्वच्छता कायम करने रात्रिकालीन सफाई का विशेष अभियान निरंतर प्रगति पर है। नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सभी जोनों में जोन कमिश्नरगण , कार्यपालन अभियंतागण, जोन स्वच्छता अधिकारीगण, जोन सहायक स्वच्छता अधिकारीगण रात्रिकालीन सफाई के विशेष अभियान की प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आज नगर निगम जोन 1 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गोंदवारा कैनाल लींकिंग रोड, गोगांव, एकता नगर गुढियारी मार्ग सहित विभिन्न प्रमुख सड़क मार्गो एवं स्वच्छता कायम करने का कार्य किया गया है।

# भारत के सबसे लंबे समुद्री पुल के निर्माण में बीएसपी के इस्पात का उपयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने भारत के सबसे लंबे निर्माणाधीन समुद्री पुल, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के लिए लगभग 15,900 टन स्टील की आपूर्ति की है। यह समुद्री पुल भारत में अभियांत्रिकी की अभिनव एवं अनूठी कृति है। 21.8 किमी लंबा, 6-लेन ब्रिज का 16.5 किमी भाग समुद्र के ऊपर और 5.5 किमी भाग जमीन पर है। इस ब्रिज के माध्यम से मुंबई से नवी मुंबई की दूरी को 20 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पुल के निर्माण के लिए टीएमटी बार्स और प्लेट्स दोनों की आपूर्ति की है।**

सेल द्वारा आपूर्ति किए गए लगभग 16,300 टन स्टील में से, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कुल 15,883 टन स्टील की आपूर्ति वर्ष 2019 से 2023 के मध्य की गई है। इसके तहत संयंत्र ने वांछित ग्रेड व आयाम के 13,803 टन टीएमटी बार्स और 2079 टन स्टील प्लेटों की आपूर्ति की है।

कांक्रीट और स्टील से निर्मित ब्रिज दक्षिण मुंबई के सेवरी से प्रारंभ होकर, एलीफेंटा द्वीप के उत्तर में ठाणे क्रीक से होकर न्हावा शेवा के पास चिरले में समाप्त होगा, एवम पूर्व दिशा में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे और पश्चिम में निर्माणाधीन तटीय सड़क से जोड़ी जायेगी। 27 मीटर चैड़े एक्सप्रेसवे के साथ दो आपातकालीन निकास लेन तथा एड्ज स्ट्रीप और क्रैश बैरियर की सुविधा होगी।

इस ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग समाप्ति की ओर है और निकट भविष्य में इसका उद्घाटन किया जाएगा। मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) का अनुमान है कि ब्रिज के प्रारंभ होने के बाद प्रतिदिन 70,000 वाहन यातायात के लिए इसका उपयोग कर सकेंगे।

मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज निर्माण में ऑर्थोट्रोपिक स्टील डेक (ओएसडी) स्पैन का प्रयोग भारत में पहली बार हो रहा है। निर्माण विधि ओएसडी के अंतर्गत विशेष गुणवत्ता के स्टील प्लेटों का उपयोग किया जाता है जो एक ओर से मजबूत और ठोस होने के साथ-साथ दूसरे ओर से लचीला होता है। यह स्टील डेक को कांक्रीट संरचना की तुलना में हल्के रहते हुए उच्च भार वहन करने में सक्षम बनाएगा। ब्रिज में ओएसडी तकनीक के उपयोग से असेंबली टाइम में कमी लाने के साथ ही शीघ्र प्रतिस्थापन तथा डेक को भारी वाहनों का भार वहन करने के लिए सक्षम बनाती है। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज निर्माण परियोजना, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) के अंतर्गत आता है। इस परियोजना के लिए ऐकॉम एशिया कंपनी लिमिटेड, पीएडीईसीओ कंपनी लिमिटेड, डीएआर एआई-हंदासाह और टीवाई लिन इंटरनेशनल को सामान्य सलाहकार के रूप में रखा गया है। परियोजना चार चरणों (पैकेज) में तैयार की गई थी। इसके तहत तीन सिविल कार्य पैकेज, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस), स्वचालित टोल संग्रह प्रणाली और विद्युत कार्यों के लिए एक-एक पैकेज शामिल था। इस ब्रिज का सिविल निर्माण कार्य लार्सन एंड टुब्रो तथा आईएचआई कॉर्पोरेशन (जापान) व डेवू ई एंड सी तथा टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (टीपीएल) द्वारा किया जा रहा है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने मर्चेंट मिल और मोडेक्स यूनिट, बार एंड रॉड मिल से एलएंडटी आईएचआई जेवी पैकेज 1 व 3 में उपयोग हेतु आईएस 1786 एफई500डी ग्रेड के 10, 12, 16, 20, 25 और 32 मिलीमीटर व्यास के 12,496 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है।

## चिरायु योजना बच्चों के लिए बनी वरदान, चंद्रभान और आशीष की आंखों को मिली रोशनी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**उत्तर बस्तर कांकेर।** केन्द्र सरकार की चिरायु योजना राज्य के गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित इस योजना के माध्यम से जिले के कई बच्चे लाभान्वित हुए हैं। जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंडरीपानी निवासी 11 वर्षीय चंद्रभान कड़ियाम और कोयलीबेड़ा के ग्राम गुड़ाबेड़ा निवासी आशीष उसेंडी की आंखों को रोशनी मिली है। अब ये दोनों बालक अपनी आंखों से दुनिया की रंगीनियां देख पा रहे हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंडरीपानी निवासी हरिलाल के पुत्र चंद्रभान को जन्म से मोतियाबिंद की समस्या थी। उसके परिवार के सदस्यों को इस बीमारी के बारे में पता नहीं था। चंद्रभान को बचपन से दिखाई नहीं पड़ने के कारण वह स्कूल भी नहीं जाता था। गरीबी के कारण उसे निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज करवाना परिवार के लिए सम्भव नहीं था। बताया गया कि जब गांव में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया तब इस दौरान चंद्रभान की समस्या के बारे में बताया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की ओर से त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात चिरायु टीम ने जांच कर उनके पालकों को मोतियाबिंद बीमारी के बारे में बताया। जिला अस्पताल में बच्चे की जांच के उपरांत सर्जरी की सलाह दी गई, फिर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर ले जाकर दाहिनी आंख का सफल इलाज कराया गया।

17 वां गीता महायज्ञ 23 को

## श्री श्री श्री माताधाम मंदिर सेक्टर-7 में होगा भव्य आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गीता जयंती के पावन अवसर पर श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ द्वारा मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में गीता महायज्ञ का आयोजन 23 दिसंबर को किया जा रहा है। सेक्टर-7 , एवेन्यू ए स्थित श्री श्री श्री माताधाम मंदिर परिसर में उक्त आयोजन होगा। श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ सदस्यों द्वारा गीता महायज्ञ को संपन्न कराया जाएगा।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के पदधिकारियों ने बताया कि गीता जयंती के अवसर पर गीता महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन श्री श्री माताधाम मंदिर (प्रांगण), एवेन्यु-ए, सेक्टर-7 में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 23 दिसंबर शनिवार की सुबह 6.00 बजे से 7 बजे तक नगर संकीर्तन होगा। इसके बाद सुबह 7.00 बजे से 7.30 बजे तक पताका अविष्करण (ध्वजारोहण) किया जाएगा। सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक कलश स्थापना होगी और उसके पश्चात सुबह 9.00 बजे से 12.30 बजे तक गीता महायज्ञ होगा। दोपहर 12.30 से 1.00 बजे तक विष्णु सहस्त्र नाम स्त्रोत्र (पारायण) होगा। दोपहर 1.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक नारायण सेवा (भण्डारा) का कार्यक्रम होगा। इसके बाद शाम को 5.00 से रात्रि 7.00 बजे तक भजन संकीर्तन होगा। आयोजन समिति ने शहर वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस महायज्ञ में शामिल होने का अनुरोध किया है।

विधायक अनुज शर्मा एक्शन मोड मे, अवैध शराब पर कड़ाई से रोक लगाने के दिए निर्देश, कहा-

## अधिकारीगण जनता से करें सद्व्यवहार, क्षेत्र का विकास करना सर्वोच्च प्राथमिकता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित कलेक्टर सभाकक्ष में एक पखवाडे के भीतर ही जिले के अधिकारियों की समन्वय बैठक लेते हुए कहा कि हमारा सर्वोपरी उद्देश्य उनके विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव विकास करना है। साथ ही ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करना है कि उनके क्षेत्र का ग्राम आदर्श ग्राम के रूप राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो।**

श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध शराब के बिक्री पर रोक लगाने। पुलिस एवं आबकारी विभाग टीम बनाकर निरंतर गांव का दौरा करें और ऐसे कोचियों पर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही ऐसे प्रकरणों की सूची बनाकर उसका परीक्षण करें ताकि इसकी पुनरावृति ना होने पाए।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं जल्द अधिकारियों की टीम बनाकर गांवो का दौरा करेंगे आम जनता के समस्या सुनेंगे और यह भी प्रयास करेगें कि यथासंभव उनके समस्याओं का समाधान हो। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने और अच्छा व्यवहार करें। यदि जो कार्य त्वरित हो सकते हैं उसे अवश्य करें, जो कार्य संभव ना हो विनम्रता पूर्वक कारण बता दें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी शासकीय योजनाओं को गति प्रदान करें। एक गांव का आदर्श ग्राम के रूप में चयन करें।

वे स्वयं अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को अन्य प्रदेशों के आदर्श ग्रामों को अवलोकन करने ले जाएंगे, जिससे उनमें जागरूकता आए। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र मे औद्योगिक क्षेत्र भी शामिल है, उनके साथ समन्वय बनाकर कार्य करें जिससे गांव का वातावरण सकारात्मक रहे। उन औद्योगिक समूहों के सहयोग से लेकर गांवों में विकास कार्य तेजी से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी धान खरीदी चल रही है सभी विभागीय अधिकारी यह प्रयास करें कि किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो और वे आसानी से अपना धान बेच सके। स्वास्थ्य केन्द्र में समय से चिकित्सक उपस्थित होएं और मरीजो से सदव्यवहार करते हुए ईलाज करें। खाद्य विभाग राशन दुकानों में आने वाले आम जनता को समय पर और बिना परेशानी के राशन देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगेगी। अतः जल्द विकास कार्यों को गति प्रदान करें और आम जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ दें। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ललित चंद्राकर ने फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारंभ किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा अवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारम्भ किया गया है। शुभारंभ के अवसर पर शासकीय उद्यान रोपनी रुआबांधा मे पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना मे सम्मिलित होकर रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई।**



जिसमे रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे,महामंत्री राजू जंघेल, महामंत्री दशरथ साहू,शिव चंद्राकर,राकेश त्रिपाठी,कमल अवस्थी, पार्षद रमा साहू, पार्षद सविता धवज, विष्णु शर्मा, विक्की सोनी, प्रवीण राजपूत, उमेश गर्रा,उधानिकी विभाग प्रमुख मुकेश वासनिक, सुरभि श्रीवास्तव, भानुप्रिया ठाकुर, मधु साहू और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 योजना के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की प्रारम्भिक तिथि 06 दिसम्बर 2023 एवं अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। योजना में गेहूँ सिंचित एवं असिंचित, चना, अलसी, सरसों इत्यादि फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकुल मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी।

**ऋणी किसानः** जो ऋणी कृषक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी विकल्प चयन (आउटपुट) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र रबी के लिये 24 दिसंबर 2023 तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा। साथ ही कृषकों को अपना आधार रबी के लिए अंतिम तिथि में अथवा उससे पूर्व अपडेट कराना होगा।

**अऋणी किसानः** फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोर्ड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर एवं बटाईदार,कास्तकार,साझेदार किसानों के लिए फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## 21 प्रकार के दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन करने दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**उत्तर बस्तर कांकेर।** कलेक्टर शुक्ला के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत् जिले के चिन्हांकित शालाओं के प्राचार्य, व्याख्याता, प्राथमिक तथा माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक, शिक्षक व दिव्यांग बच्चों के पालकों के लिए जिला स्तरीय क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यशाला जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाईट कांकेर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जिले के 226 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करते हुये प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने, शालाओं में अपने सहपाठियों के साथ एक समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करना व शिक्षकों, पालकों, सहपाठियों के बीच शालाओं में बिना किसी भेदभाव के क्षमता निर्माण कर सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों का अध्यापन पीयर ग्रुप बनाकर आवश्यक सहयोग प्रदान करना, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत् 21 प्रकार की दिव्यांगता का चिन्हांकन करने दिव्यांगता की जानकारी दी गई, साथ ही दिव्यांग बच्चों का समावेशी शिक्षा के माध्यम से समाज के मुख्यधारा से जोड़ने, दिव्यांग बच्चों को शाला में आ रहे समस्याओं का निंदान, बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।






















## खास खबर

### ऑक्सीजन पार्क में युवक की हत्या जांच में जुटी पुलिस

**बचेली (ए)।** किरंदुल नगर के वार्ड क्रं. 2 अंतर्गत घड़ी चौक ऑक्सीजन पार्क में युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। मृतक दिन में राजमिस्त्री व रात्रि में चौकीदारी करता था। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 14 दिसंबर को समत नाग नामक 45 वर्षीय युवक की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। समत नाग चालकी पारा बड़े बचेली का निवासी है।

बचेली व किरंदुल क्षेत्र में आरएस उद्योग कंपनी जो कि पार्क बनाने का कार्य कर रही है, इसी कंपनी में समत नाग पिछले 8 महिनों से बचेली में राज मिस्त्री का कार्य कर रहा था। वहीं किरंदुल घड़ी चौक में ऑक्सीजन पार्क बनाने का कार्य भी यही कंपनी कर रही है, इसमें भी समत कार्य कर रहा था, उसे अभी सिर्फ 22 दिन ही हुये थे।

वह दिन में मिस्त्री व रात्रि में चौकीदारी करता था। मृतक युवक की पत्नी भी साथ में काम करती है जो कि बचेली से आना-जाना करती है। शुक्रवार की सुबह जब मृतक की पत्नी कार्यस्थल पर पहुंची तो समत को जमीन पर लेटा पाया। जिसके बाद कंपनी वालों को बताया, फिर कंपनी द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। उसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि शव के पास गिलास व बोतल पाया गया है। साथ ही रॉड को मोड़ने वाला औजार भी शव के पास पड़ा हुआ था, जिसमें खून लगा था। मृतक के सिर एवं कान के पास गंभीर चोट है। किरंदुल में डॉक्टर की व्यवस्था न होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका, जिसको दंतेवाड़ा जिला अस्पताल भेजा गया। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया।

### इंद्रावती नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत



**दंतेवाड़ा (ए)।** बारसूर में इंद्रावती नदी में डूबने से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। ग्रामीण बुधवार को इंद्रावती नदी में नहाने गया था। इस दौरान इंद्रावती नदी में डूबने की वजह से मौत की आशंका जताई जा रही है।

मृतक ग्रामीण का नाम बदरू राम कश्यप बताया जा रहा है। वह बारसूर, झारावाया का रहने वाला था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पूरा मामला बारसूर थाना क्षेत्र का है।

# डंडे से पीट-पीटकर कर दी थी पत्नी की हत्या कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

### चरित्र पर शंका के कारण की थी पत्नी की हत्या, आरोप सिद्ध होने के बाद मिली सजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के अवरीद गांव में अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति गंगाराम श्रीवास कोर्ट ने दोषी ठहराया है। कोर्ट ने आजीवन कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी की पीठ ने सजा सुनाई है। नवागढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले गंगाराम श्रीवास को अपनी पतनी के चरित्र पर शक था। इसी चलते उसने अपनी पत्नी की बांस के डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी।



लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने बताया कि आरोपी गंगाराम श्रीवास अपनी पत्नी संगीता श्रीवास के ऊपर शक करता था। उसके साथ रोजाना मारपीट, गाली-गलौज भी किया करता था। 11 मार्च 2021 को लगभग 10 बजे अपने घर में अपनी पत्नी के किसी अन्य पुरुष से संबंध होने को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद घर में रखे बांस के डंडे से पीटकर पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बुरी तरह से घायल होने के बाद संगीता श्रीवास बेहोशी की हालात में जमीन पर पढ़ी हुई थी।

इस बीच घर में लकड़ी काटने को लेकर आए जनीराम के साथ घायल संगीता श्रीवास को उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर लाया गया, जहां डॉक्टर ने संगीता श्रीवास को मृत घोषित किया। जिस पर नवागढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया और आरोपी पति गंगाराम श्रीवास को गिरफ्तार कर जिला सत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद इस मामले में लगातार सुनवाई जारी रही। इस बीच शुक्रवार को इस मामले में न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने अंतिम फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने आरोपी गंगाराम श्रीवास (32) को धारा 302 के तहत दोषी पाया। आरोप सिद्ध होने के बाद न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। यदि आरोपी अर्थदंड की राशि जमा नहीं करता है तो एक माह के सश्रम कारावास की सजा और काटनी होगी।

## कोर्ट ने यूपी के गांजा तस्कर को सुनाई 11 साल कारावास की सजा





**कबीरधाम।** कबीरधाम जिला कोर्ट में यूपी के एक गांजा तस्कर का दोष सिद्ध हुआ है। कोर्ट ने दोषी को 11 साल का कठोर कारावास और एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जानकारी अनुसार, कवर्धा कोतवाली पुलिस टीम ने 17 सितंबर 2022 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी जय सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी हसनपुर, जिला फ्तेहपुर (उत्तप्रदेश) के पास से एक क्विंटल 17 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। जब्त किए गए गांजा की बाजार में सात लाख रुपये कीमत थी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बस का इंतजार कर रहा था। बस से उत्तर प्रदेश जाता, वहां से किसी अन्य को यह बैग थमा देता। मतलब वह एक डिलीवरी बॉय था, जो सामान को एक स्थान से लेकर दूसरे स्थान पर छोड़ता।

करीब 15 माह चली सुनवाई बाद कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि वर्तमान समय में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उससे उत्पन्न होने वाले अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए व ऐसे अपराधों का बृहद सामाजिक दुष्प्रभाव होने को देखते हुए अभियुक्त को समुचित रूप से दंडित किया जाना आवश्यक है। प्रकरण के तथ्य परिस्थितियों पर विचार करते हुए दोषी को 11 वर्ष के कठोर कारावास, एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास पृथक से भुगताया जाए।

### रायपुर के शराबी बन रहे है अपराधी

## पैसे नही मिलने पर चला रहे चाकू और ब्लेड, रायपुर पुलिस ने किया 2 आरोपियों को गिरफ्तार





**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शराबी लगातार शराब पीने के पैसे को लेकर अपराध कर रहे हैं। शराब के लिए पैसे नहीं मिल पाने की कंडीशन में वे चाकू और ब्लेड से लोगों पर हमला कर रहे हैं। रायपुर के दो अलग-अलग थाना पुलिस ने 2 आरोपियों को ऐसे ही मामले में गिरफ्तार किया है।

पहला मामला रायपुर आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। जिसमें पीड़ित शैलेंद्र कुन्हार ने आजाद चौक थाने में एफआईआर दर्ज करवाई कि 14 दिसंबर की रात साढ़े 10 बजे के करीब वह घर में मौजूद था। तभी मोहल्ले का रहने वाला युवक गगन सोना ने उसे आवाज देकर बाहर बुलाया। जब वह बाहर निकाला तो उससे शराब पीने के लिए 300 की मांग की। शैलेंद्र ने उसे रुपये देने से मना कर दिया। जिसके बाद गगन सोना पीड़ित के साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसे ऐसा करने से मना किया गया। तो आरोपी ने चाकू जैसी नुकीली धारदार चीज से हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित का बड़ा भाई जब उसे बचाने आया। तो आरोपी ने उसके भी पीठ और पेट पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद आजाद चौक पुलिस ने 19 साल के रामकुंड के गगन सोना को गिरफ्तार कर लिया है। आजाद चौक पुलिस अब आरोपी के ऊपर आगे की कार्रवाई कर रही है।

इसी प्रकार देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक शराबी ने शराब के पैसे देने से मना करने पर एक युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया। इस घटना से युवक बुरी तरह घायल हुआ था। पुलिस में इस मामले में आरोपी शेर सिंह उर्फ शेरा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके ऊपर आगे की करवाई जारी है।

## बीजापुर में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़, नक्सली कैंप ध्वस्त, भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ कोरमा के जंगल में हुई। मुठभेड़ के दौरान जवानों ने नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया है। वहीं मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सलियों का सामान बरामद किया है। फिलहाल मौके पर सर्चिंग जारी है।

दरअसल पुलिस को जानकारी मिली थी कि कोरमा मुनगा के जंगलों में बड़ी संख्या में नक्सली जमा हुए हैं। यहां पर गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोडियम, गंगालूर एसओएस कमांडर दुला कारम, गंगालूर एरिया आरपीसी कमलू पुनेम सहित 20 से अधिक नक्सलियों की मौजूदगी की सुचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ व कोबरा 202, 210 की संयुक्त पार्टी ऑपरेशन पर निकली थी।

बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह सात बजे के करीब कोरमा के जंगल में नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने मोर्चा संभाला। दोनों ओर से फायरिंग हुई। कुछ ही देर बाद जवनों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। जवानों ने यहां पर नक्सलियों का आस्थाई कैंप ध्वस्त कर दिया। इसके बाद सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाइयां, नक्सली वर्दी, प्रतिबंधित नक्सली संगठन के प्रचार, प्रसार की सामग्री, नक्सली साहित्य और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। जवानों द्वारा आसपास सर्चिंग की जा रही है।

## बीमा एजेंट की करतूत: पत्नी पर चलाई गोली कैरेक्टर पर था शक, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार की शाम को उस समय सनसनी फैल गई जब लोगों ने फायरिंग की आवाज सुनी। दरअसल यहां के डीडी नगर थाना क्षेत्र में एक बीमा एजेंट ने अपनी पत्नी पर गोली चला दी। हालांकि पत्नी की कलाई व कंधे पर लगी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया लेकिन कुछ ही घंटों में पुलिस ने उसे दबोच लिया। डीडी नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की शाम की बताई जा रही है। यहां के रोहनी पुरम में रहने वाले बीमा एजेंट शुभांकर नंदी का अपनी पत्नी से विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि शुभांकर नंदी ने अपने पास रखी लाइसेंसी पिस्टल से गोली चला दी। गोली महिला के कंधे और कलाई पर लगी। बताया जा रहा है कि महिला अपने दो बच्चों को कोचिंग से छोड़कर वापस लौट रही थी इस दौरान विवाद हुआ। गोली लगने के बाद महिला तेजी से भागी और गिर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से महिला को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस ने घटना के बाद आरोपी शुभांकर नंदी की तलाश शुरू कर दी। गिरफ्तारी के डर से शुभांकर नंदी फरार हो गया था। हालांकि वह पुलिस से ज्यादा देर तक छुप नहीं पाया। पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीडी नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी ले जिस पिस्टल से गोली चलाई उसे तीन दिन पहले की कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद थाने से ले गया था। उक्त पिस्टल 2019 से थाने में जमा थी। घटना के समय में घर पर भी कोई नहीं था। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपनी पत्नी के कैरेक्टर पर शक करता था और आए दिन इसे लेकर दोनों में विवाद होता रहता था।

## डॉलर का लालच देकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



**धमतरी (ए)।** डॉलर का लालच देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। सऊदी अरब नागरिक बताकर दुकानों में ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 12 नग विदेशी मुद्रा, 10 लाख की एक्सयूवी और नगदी 30 हजार बरामद किया गया है। आरोपी में इस्माईल अली और कातिमा अली दिल्ली के रहने वाले हैं। यह कार्रवाई मगरलोड पुलिस और सायबर टीम ने की।

पुलिस ने बताया कि ये आरोपी लोगों को डॉलर नोट के बदले भारतीय करेंसी देने का झांसा देते थे। इस मामले में मगरलोड थाना इलाके के व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। धमतरी पुलिस ने 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाला तब जाकर आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई। पकड़े गए आरोपी अन्य राज्यों में भी ठगी कर चुके हैं।

प्रार्थी श्रवण साहू पता मोहंदी थाना मगरलोड जिला धमतरी ने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20.09.23 को शाम के समय प्रार्थी के घर लगा हुआ प्रार्थी का छड़ सीमेंट के दुकान में एक अज्ञात काले रंग की लंबी कार से आए दो लोग दुकान में गया और अपने आप को स्वयं विदेशी नागरिक सऊदी अरब का होना बताकर प्रार्थी के सीमेंट दुकान में एक डालर का नोट 500 के नोट के बदले 2000 रुपए का नोट देने की बात कही। इस पर प्रार्थी ने अपने घर में रखे आलमारी से 500-500 रुपए के 140 नोट कुल 70000 रुपए को निकालकर उक्त अज्ञात लोगों को दे दिया, वे लोग कार से पैसा लेकर आ रहा हूं कहते हुए प्रार्थी को बगैर पैसा दिए फरार हो गया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 06.12.2023

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

छत्तीरागढ़ के राज्यपाल की ओर रो ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 21.12.2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू.क्रं./सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 322/149795 | ग्राम केहका वि.ख. साजा हायर सेकेण्डरी स्कूल का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.73 | द्वितीय |
| 323/149796 | जिला बेमेतरा वि.ख. साजा ग्राम बोरतरा हायर सेकेण्डरी स्कूल | 68.00 | द्वितीय |
| 324/149817 | ग्राम कोंगियाकला वि.ख. साजा हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.73 | द्वितीय |
| 325/149884 | प्रयास आदिवासी विद्यालय दुर्ग में 21 कमरों का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित कार्य। | 156.60 | तृतीय |

टीप
1. एन.आई.टी. क्रं. 322, 323 एवं 324 लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं. 325 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष-0788-2210876

जी-06371/6



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# सुशासन का सूर्योदय



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

मोदी की गारंटी

छत्तीसगढ़ के **18 लाख** से अधिक

**पात्र परिवारों को अब मिलेगा पक्का आवास**

मुख्यमंत्री
## श्री विष्णु देव साय
उप मुख्यमंत्री द्वय
**श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा**
**ने पहली केबिनेट बैठक में लिया ऐतिहासिक निर्णय**
**हर पात्र परिवार को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास**



## हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे

**संकल्प निभाएंगे**
**छत्तीसगढ़ को खुशहाल बनाएंगे**

RO-39115/75

**सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950